52 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in | यह मुज़फ़्फ़रनगर है...

न्यूनतम 24.2°c | अधिकतम 32.4°c

मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 | संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा | रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय : 5:44 सूर्यास्त : 7:04 | वर्ष : 52/ अंक : 220 | शुक्रवार, 09 अगस्त 2024 | श्रावण, शुक्ल पक्ष, पंचमी | सम्वत् 2081 | मूल्य 3 रुपये | पृष्ठ-4

अमृतवाणी

कभी हार भी जाओ तो ऐसे हारो कि जीतने वाले से ज्यादा चर्चे आपके हों।

भाजपा रियल स्टेट कम्पनी की तरह काम कर रही है : अखिलेश यादव

मजबूरी देखिए.... आप कुछ कर भी नहीं सकते.....

बांग्लादेश के खूनी नजारे देख उबल रहा आक्रोश

▶ तमाम संगठनों ने किया हिंदुओं की हत्या, रेप, मंदिर तोड़ने और लूटपाट का विरोध

मुजफ्फरनगर, 8 अगस्त (बु.)। बांग्ला देश में सत्ता पलट के बाद वहां जिस तरह हिंसक गतिविधियां हुई हैं और हिंदुओं और हिंदू मंदिरों को निशाना बनाया जा रहा है, उसे लेकर जनमानस में आक्रोश उबल रहा है। तमाम संगठनों ने जहां इसके विरोध में प्रदर्शन किए हैं, वहीं लोगों का कहना है कि इस्लामिक कट्टपंथियों द्वारा देश के बंटवारे और कश्मीर से हिंदुओं को पलायन के करने के लिए जिस तरह खूनी तांडव मचाया गया था और मंदिरों को तोड़ने के साथ हिंदू महिलाओं के साथ दुष्कर्म व हिंदुओं की संपत्तियां लूटने की घटनाएं की गई थीं, कुछ वैसी ही कट्टरपंथी प्रतिक्रिया बांग्लादेश में हो रही है। ऐसे में केंद्र सरकार से वहां बसे करीब सवा करोड़ हिंदुओं को भारत वापस लाने और यहां घुसपैठ करके आए बांग्लादेशी मुस्लिमों को वापस भेजने के लिए कार्यवाही करने की मांग भी उठ रही है।

देश के विभाजन के बाद पाकिस्तान और बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचारों की स्थिति लगातार सामने आती रही है। यही वजह है कि वहां ना केवल हिंदुओं को उत्पीड़न का शिकार बनाया गया, बल्कि महिलाओं के साथ दुष्कर्म, जबरन धर्म परिवर्तन और हत्याओं का अनवरत सिलसिला चलता रहा। यही वजह है कि पाकिस्तान और बांग्लादेश में हिंदुओं की आबादी कम होती गई। इसके उलट बांग्ला देश से तो करोड़ों की तादाद में मुसलमान भारत में घुसपैठ कर पूर्वोत्तर के राज्यों के साथ पश्चिम बंगाल और देश के दूसरे राज्यों में स्थानीय नागिरकता पाकर राजनीतिक संरक्षण पा रहे हैं। लोगों का कहना है कि बांग्लादेश में हाल के तख्तापलट के पीछे कोई सांप्रदायिक कारण नहीं था, लेकिन जिस तरह वहां हिंसा भड़की और कट्टरपंथी मुस्लिमों ने हिंदुओं पर हिंसक हमले, लूटपाट और मंदिरों को तोड़ने जैसी नापाक हरकतें कीं, उससे एक बार फिर इंसानियत का दावा करने वाले इस्लामी नेताओं को शर्मसार हो जाना चाहिए। जिस तरह

शेष - पृष्ठ-4 पर

कट्टरपंथियों के निशाने पर हिंदू महिलाएं और मंदिर

सेना और पुलिस भी हिंदुओं के घरों में लूटपाट में शामिल

मुजफ्फरनगर। बड़ी संख्या में हिंदू धर्म स्थलों को कट्टरपंथियों के हमले का शिकार होना पड़ा। रिपोर्ट के अनुसार, बांग्लादेश के कई इलाकों में मूर्ति और मंदिर नष्ट कर दिए गए हैं। सेना के आश्वासन के बावजूद, बांग्लादेश में हिंदुओं को बचाने के लिए कोई प्रयास नहीं किया गया है। खुफिया रिपोर्ट के अनुसार, सेना और पुलिस भी हिंदुओं के घरों में लूटपाट में शामिल है। हिंदू परिवारों पर हमला किया जा रहा है और उन्हें पीटा जा रहा है। एक हिंदू प्रोफेसर को हथौड़े से बेरहमी से मार दिया गया। हिंदू परिवारों ने बांग्लादेश में अपना सब कुछ खो दिया है और अब भी हिंदू संगठन खुलकर बोलने से डर रहे हैं। ढाका में स्थानीय मीडिया और हिंदू अल्पसंख्यक समूहों के पदाधिकारियों की रिपोर्ट के अनुसार, लगभग सौ से अधिक जगहों पर हमले हुए हैं। कई स्थानों पर लोगों की हत्या कर उनके शव सार्वजनिक स्थानों पर लटकाने, महिलाओं को सार्वजनिक स्थानों पर नग्न कर रेप व हत्या करने और मुस्लिम महिलाओं द्वारा हिंदू महिलाओं को मारपीट कर मुस्लिम धर्म अपनाने के लिए उत्पीड़ित करने जैसे वीडियो आक्रोश बढ़ा रहे हैं। हिंदू संगठन से जुड़े एक पदाधिकारी ने बताया कि इस्कॉन मंदिर और काली मंदिर पर हमला किया गया है और हिंदुओं के घरों को नुकसान पहुंचाया गया है। इन हमलों में प्रदर्शनकारियों ने हिंदू पार्षद हरधन रॉय की हत्या कर दी। मशहूर संगीतकार राहुल आनंदा के घर में तोड़फोड़ की गई और पूरे घर को लूट लिया गया।

बांग्लादेश में हिंदू जनसंख्या रह गई करीब सवा करोड़

बांग्लादेश की न्यूज वेबसाइट डेली स्टार के अनुसार 2022 में भारत के इस पड़ोसी देश की आबादी साढ़े सोलह करोड़ से कुछ ज्यादा थी. बांग्लादेश की आबादी में 7.95 फीसदी लोग हिंदू समुदाय के हैं. संख्या के हिसाब से देखें तो हिंदुओं की संख्या एक करोड़, 31 लाख है। 1941 में पाकिस्तान में लगभग 28% आबादी हिंदू थी। 1947 में भारत के विभाजन के बाद 1951 में उनका अनुपात घटकर 22% हो गया।14 अगस्त, 1947 को बंटवारे के बाद 44 लाख हिंदुओं और सिखों ने भारत की ओर स्थानान्तरण किया। 1951 की जनगणना के अनुसार पश्चिमी पाकिस्तान में 1.6% हिंदू जनसंख्या थी, जबकि पूर्वी पाकिस्तान (आधुनिक बांग्लादेश) में 22.05% थी। 47वर्षों के पश्चात बांगलादेश में हिन्दू-जनसंख्या भारी गिरावट आयी और केवल 10.2% हिन्दू ही बचे। 1998 की पाकिस्तान की जनगणना में अभिलिखित है कि, 2.5 लाख हिन्दू जनसंख्या पाकिस्तान में बची है। अधिकतर हिंदु पाकिस्तान के सिंध प्रांत में रहते हैं।

शेष - पृष्ठ-4 पर

भाकियू की तिरंगा यात्रा से पहले बाजारों में बंद की अफवाह

▶ आज जीआईसी मैदान से शुरू होगी भाकियू की तिरंगा यात्रा ▶ नगर के मुख्य मार्गो से होकर गुजरेगी तिरंगा यात्रा ▶ घर से निकलने से पूर्व स्थिति जानने से ही मिलेगी राहत

मुजफ्फरनगर, 08 अगस्त (बु.)। भारतीय किसान यूनियन टिकैत के कार्यकर्ता गुरूवार को नगरीय क्षेत्र में शक्ति प्रदर्शन के साथ अपनी तिरंगा ट्रैक्टर मार्च निकालेगी। हालांकि भाकियू के शीर्ष नेतृत्व ने इस दौरान पूर्व में होने वाले कलेक्ट्रेट के घेराव का कार्यक्रम स्थगित कर दिया है। यूनियन के शीर्ष नेतृत्व द्वारा तिरंगा ट्रैक्टर मार्च का जिला मुख्यालय पर रूट तय करते हुए अब प्रकाश चौक पर जिला प्रशासन को ज्ञापन देने का ऐलान किया है। गुरूवार को दिनभर ही भाकियू के तिरंगा ट्रैक्टर मार्च के चलते बाजारों के बंद होने की तमाम चर्चाएं होती रही। ऐसे में नगर की जनता को घर से बाहर निकलने से पूर्व अपने रूट के बारे में जानकारी लेनी होगी, अन्यथा की स्थिति में वे जाम में फंस जाए तो कोई अतिश्योक्ति न होगी।

भारतीय किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष योगेश शर्मा ने बताया कि स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में अपने पूर्व नियोजित कार्यक्रम के तहत शुक्रवार 9 अगस्त को जनपद मुख्यालय पर किसानों की विभिन्न समस्याओं के समाधान की मांग के साथ संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर केन्द्र सरकार की वादाखिलाफी के विरोध में प्रातः 10 बजे ट्रैक्टर तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जायेगा। इस कड़ी में उन्होंने भाकियू के सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को निर्धारित नौ अगस्त को सुबह 10 बजे किसान यूनियन के सभी सिपाही ट्रैक्टरों के साथ राजकीय इंटर कॉलेज मैदान में एकत्र होंगे। उन्होंने बताया कि किसानों की लंबित समस्याओं के निदान के साथ केन्द्र सरकार की पूर्व में किए वायदा खिलाफी के खिलाफ प्रदर्शन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि जीआईसी मैदान से यहां से तिरंगा यात्रा शुरू होगी और किसान अपने ट्रैक्टरों पर तिरंगा बांधकर सरकूलर रोड होते हुए सुजडू चुंगी, डीएम आवास, मीनाक्षी चौक, शिव चौक, झांसी की रानी होते हुए प्रकाश चौक पहुंचेंगे। उन्होंने बताया कि यूनियन के शीर्ष नेतृत्व ने निर्णय लिया है कि प्रकाश चौक पर डीएम को ज्ञापन देने के बाद तिरंगा यात्रा का समापन होगा। उन्होंने बताया कि इस प्रदर्शन के दौरान सभी ब्लॉक अध्यक्ष तिरंगा यात्रा के प्रबंधन को अपने अपने ब्लॉक से 4-4 वालिंटियर तैयार करने के साथ सुनिश्चित करेंगे कि पदाधिकारी व कार्यकर्ता तिरंगा यात्रा के समापन के बाद ही अपने गंतव्य की ओर प्रस्थान होगा। इस दौरान यातायात व्यवस्था को बनाने का काम वालिंटियर द्वारा किया जायेगा। हालांकि जिला प्रशासन भी इस तिरंगा मार्च को देखते हुए व्यवस्था में जुटा है। गुरूवार को देर सायं तक बाजारों में भाकियू की तिरंगा ट्रैक्टर मार्च को लेकर चर्चा का बाजार गर्म रहा।

भाकियू की ट्रैक्टर यात्रा के चलते जाम की आशंका, एडवाइजरी हुई जारी

मुजफ्फरनगर, 8 अगस्त (बु.)। भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट द्वारा शुक्रवार (आज) आयोजित की जाने वाली ट्रैक्टर तिरंगा यात्रा के चलते शहर में जाम की स्थिति की आशंका के दृष्टिगत सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था बनाए रखने हेतु मुजफ्फरनगर पुलिस द्वारा ट्रैफिक एडवायजरी जारी की गई है। इसमें जनपदवासियों से अनुरोध किया गया है कि असुविधा से बचने के लिए वैकल्पिक मार्गो का प्रयोग करें। ट्रैफिक पुलिस द्वारा जारी एडवाइजरी में कहा गया है कि शुक्रवार 9 अगस्त को प्रातः 10 बजे से भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट द्वारा आगामी स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में जीआईसी मैदान सर्कुलर रोड पर एकत्रित होकर सुजडू चुंगी के रास्ते से जिलाधिकारी आवास, मीनाक्षी चौक, शिव चौक, झांसी की रानी, प्रकाश चौक, महावीर चौक मार्ग पर ट्रैक्टर तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जाना प्रस्तावित हैं। ट्रैक्टर रैली के चलते इन मार्गों पर यातायात बाधित होने की आशंका है। ऐसे में आम जनमानस से अपील की गई है कि 9 अगस्त को प्रस्तावित उक्त तिरंगा यात्रा मार्ग का प्रयोग करने से बचे। असुविधा से बचने के लिए वैकल्पिक मार्गों का प्रयोग करें।

22 दिन से लापता महिला का शव ईंख के खेत में पड़ा मिला

▶ परिजनों ने हत्या की आशंका जताई, 15 जुलाई को घास लेने गयी थी मृतका

छपार, 8 अगस्त (बु.)। थाना क्षेत्र के ताजपुर कलां गांव से रहस्यमय ढंग से लापता हुई महिला का शव 22 दिन बाद ईख के खेत में पड़ा मिला। माना जा रहा है कि महिला की हत्या कर उसका शव ईख के खेत में डाल दिया गया। सूचना पर सीओ सदर राजू कुमार साव पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। इस दौरान फॉरेंसिक टीम ने भी मौके पर पहुंचकर जांच की। पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम को भेजा गया। छपार क्षेत्र के ताजपुर गांव की 57 वर्षीय रमेशो पत्नी चंदू विगत 15 जुलाई को घर से जंगल में घास लेने गई थी, जो रहस्यमय ढंग से लापता हो गई। काफी तलाशने के बाद भी सुराग न लगने पर महिला के पति ने 16 जुलाई को थाना छपार पुलिस को सूचना दी थी। पुलिस ने महिला की गुमशुदगी दर्ज की गई। पुलिस को महिला के बारे में जानकारी नहीं मिल पाई। गुरूवार में गांव का किसान बबलू अपने खेत पर गया था, जहां ईख के खेत में बदबू आने पर उसने देखा कि एक महिला का शव पड़ा है। सूचना पर लोग एकत्र हो गए। सीओ सदर के साथ ही बरला चौकी इंचार्ज नीरज यादव के साथ ही फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची। जिन्होंने जांच की गई। महिला का शव सड़ गल चुका था। पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम को भेजा गया। इस दौरान परिजनों का कहना था कि महिला की हत्या की गई है। पुलिस का कहना था कि मामले में पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट होगा।

डकैत को रिमांड पर लेकर डेढ़ लाख का माल किया बरामद

मुजफ्फरनगर, 08 अगस्त (बु.)। शाहबुद्दीनपुर रोड पर नूर ज्वैलर्स पर हुई डकैती के मामले में एक आरोपी को रिमांड पर लेकर शहर कोतवाली पुलिस ने करीब डेढ़ लाख रुपये का माल बरामद किया है। इस डकैती में अब तक पुलिस 12 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। शहर कोतवाली क्षेत्र के शाहबुद्दीनपुर रोड स्थित नूर ज्वैलर्स में घुसकर बदमाशों ने 15 जुलाई को लाखों की सम्पत्ति लूट ली थी। पुलिस ने चार महिलाओं समेत 12 लोगों को गिरफ्तार कर लिया था। डकैती में आरोपी हर्षित कुमार उर्फ माइकल निवासी मांडी थाना तितावी पुलिस को चकमा देकर कोर्ट में पेश हो गया था। पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर हर्षित को आठ घंटे के रिमांड पर लिया था। पुलिस ने गुरूवार को उसकी निशादेही पर तितावी के मांडी गांव स्थित उसकी ट्यूबवैल से 13.30 ग्राम सोने के जेवरात और 200 ग्राम चांदी के जेवर बरामद की है। इस बरामदगी के बाद पुलिस ने आरोपी को वापस जेल में दाखिल कर दिया है। इसी बीच मुख्य आरोपी शाहरुख पठान ने भी कोर्ट में सरेंडर कर दिया है। शहर कोतवाल अक्षय शर्मा ने बताया कि जल्द ही उसे भी रिमांड पर लेकर डकैती का माल बरामद करने का प्रयास किया जायेगा।

नूर ज्वैलर्स में 15 जुलाई को डाली गई थी डकैती, अब तक 12 आरोपी जा चुके हैं जेल

स्कूली बच्चों व छात्र-छात्राओं के लिए मुसीबत बनेगी ट्रैक्टर रैली, अभिभावक चिंतित

मुजफ्फरनगर, 8 अगस्त (बु.)। ट्रैक्टर रैली का उद्देश्य चाहे जो हो, लेकिन इतना तो तय है कि तमाम मार्गों पर यातायात व्यवस्था इसके चलते छिन्न भिन्न हो जाएगी। ऐसी स्थिति इसलिए भी बनेगी क्योंकि सुबह से ही ट्रैक्टरों के आने का क्रम शुरू हो जाएगा। यह ट्रैक्टर अधिकांश शामली रोड की ओर से आएंगे और उनके लिए आगमन मार्ग का कोई प्रतिबंध नहीं होगा। ऐसे में ट्रैक्टर भगत सिंह रोड और मीनाक्षी चौक के रास्ते से अधिक आएंगे। मंसूरपुर, जानसठ, रुडकी रोड आदि से भी बड़ी संख्या में ट्रैक्टर आने की संभावना है। इससे इन मार्गों पर सुबह से ही अफरातफरी का आलम रह सकता है। इस स्थिति में सबसे ज्यादा चिंता सुबह स्कूल जाने वाले छोटे बच्चों व छात्र-छात्राओं को होगी। उनके स्कूल जाने के समय ट्रैक्टरों का आगमन और छुट्टी के समय ट्रैक्टर रैली के चलते उनकी मुसीबत बढ़ सकती है। इस रैली मार्ग पर बड़ी संख्या में स्कूल कॉलेज हैं। ऐसे में अभिभावकों को इस बात की चिंता सता रही है कि कल बच्चों को स्कूल कैसे भेजेंगे और कैसे वापस लेकर आएंगे। ऐसे में कम से कम आयोजकों से यह तो अपेक्षा की ही जा रही है कि अनसट ट्रैक्टर भगाने वालों पर नियंत्रण रखें ताकि हादसे की आशंका से बचा जा सके।

देर रात अस्पताल चौराहे पर शराबियों के दो गुटों में जमकर हुई मारपीट

मुजफ्फरनगर, 08 अगस्त (बु.)। शहर के अस्पताल चौराहे पर देर रात सुरा प्रेमियों के दो गुटों में अंगूर की बेटी के अत्यधिक सेवन के कारण जमकर मारपीट हो गयी। मारपीट होती देख चौराहे पर लोगों की भीड़ जमा हो गयी। इसी बीच किसी ने उक्त मारपीट की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने मारपीट कर रहे शराबियों के बीच बीच-बचाव कराया और घायल शराबियों को अस्पताल में भर्ती कराया।

नंगला मंदौड पंचायत मामले में संजीव, उमेश, साध्वी प्राची सहित छह की पेशी

कवाल कांड से जुड़े मामले में रिवीजन दाखिल होने के कारण गुरूवार को नहीं हो सके आरोप तय, अब 17 अगस्त को होगी सुनवाई

मुजफ्फरनगर, 08 अगस्त (बु.)। कवाल कांड से जुड़ी नंगला मंदौड़ पंचायत के मुकदमे में गुरूवार को पूर्व सांसद संजीव बालियान, पूर्व विधायक उमेश मलिक और साध्वी प्राची समेत छह आरोपियों की कोर्ट में पेशी हुई। हालांकि आज आरोप तय होने थे, मगर सांसद हरेन्द्र मलिक के रिवीजन दाखिल किये जाने के कारण सुनवाई 17 अगस्त तक के लिए टाल दी गई। 27 अगस्त 2013 को गांव कवाल में तीन लोगों की हत्या हो जाने के बाद जिले में साम्प्रदायिक गरमाहट पैदा हो गई थी। कवाल कांड को लेकर ही 31 अगस्त को नंगला मंदौड़ इण्टर कॉलेज के मैदान में महापंचायत का आयोजन किया गया था। इसमें काफी संख्या में लोगों ने प्रतिभाग किया था। सिखेडा पुलिस ने पंचायत में भड़काऊ भाषण के लिए कई नेताओं के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया। इसमें एमपी एमएलए कोर्ट में सुनवाई चल रही है। गुरूवार को इस प्रकरण में कोर्ट में आरोपियों के खिलाफ आरोप तय किये जाने थे। आज पूर्व केन्द्रीय मंत्री डॉ. संजीव बालियान, बुढ़ाना के पूर्व विधायक उमेश मलिक, साध्वी प्राची, विरेन्द्र सिंह, बिट्टू सिखेडा और मिन्टू विशेष कोर्ट में पेश हुए। आरोपी बनाये गये सांसद हरेन्द्र मलिक और राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल ने इस मुकदमे को लेकर रिवीजन दाखिल किया हुआ है। जिस पर अभी कोई फैसला नहीं आया है। इस कारण एमपी एमएलए कोर्ट में सुनवाई को 17 अगस्त तक के लिए टाल दिया गया है।

मलीरा जाम मामले में कोर्ट में पेश हुए भाजपा नेता

मुजफ्फरनगर। साल 2005 में गोकशी के विरोध में लगे जाम के मुकदमे में गुरूवार को भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष देवव्रत त्यागी, सचिन सिंघल, श्रीमोहन तायल समेत कई नेता कोर्ट में पेश हुए। बता दें कि 2005 में शहर कोतवाली क्षेत्र के गांव मलीरा में बड़े पैमाने पर गोकशी के विरोध में भाजपा और हिन्दूवादी संगठनों के कार्यकर्ताओं ने जाम लगाया था। जिसको लेकर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया था। इसी मामले में भाजपा नेता गुरूवार को कोर्ट में पेश हुए।

युवक ने घर में फांसी लगाकर की आत्महत्या

बुढ़ाना, 08 अगस्त (बु.)। किसी मामूली सी बात पर अपनी पत्नी से लड़ झगड़कर एक युवक ने घर में ही फांसी लगाकर मौत को गले लगा लिया। बुढ़ाना कोतवाली के गांव चंधेडी निवासी जल्ला कश्यप का 26 साल का पुत्र प्रवीण कश्यप फर्नीचर का काम करता है। तीन दिन पहले उसकी बड़ी साली कोथली लेकर आई हुई थी। उसके अगले दिन चले जाने के बाद प्रवीण की अपनी पत्नी से किसी बात को लेकर कहासुनी हो गयी थी। बीती बुधवार की रात भी इसी कलह में प्रवीण कमरे के अंदर सो गया और उसकी पत्नी अपनी एक साल की बच्ची के साथ बाहर बरामदे में लेट गयी। बृहस्पतिवार की अल सुबह जैसी ही प्रवीण की पत्नी सोकर उठी और उसने कमरे के अंदर जाकर देखा तो उसका पति छत के कुंडे से रस्सी से लटका हुआ था और झूल रहा था, तब उसने जोर से चीख मारी तो आसपास के मौहल्ले के लोग चीख सुनकर मौके पर आ गये और अंदर कमरे का नजारा देखकर सकते में आ गये। तब उन्होंने उसको कुंडे से उतारा तो वह दम तोड़ चुका था। शायद रात को किसी समय प्रवीण ने फांसी लगाई।

महिला पहलवान विनेश फोगाट ने कुश्ती को कहा अलविदा

पेरिस 08 अगस्त (वार्ता) भारतीय महिला पहलवान विनेश फोगाट ने ओलंपिक में फाइनल मुकाबले के लिये अयोग्य ठहराये जाने के बाद गुरुवार को कुश्ती को अलविदा कह दिया। फोगाट ने अपनी सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा, '' माँ कुश्ती मेरे से जीत गई मैं हार गई। माफ करना, आपका सपना, मेरी हिम्मत सब टूट चुके है। इससे ज्यादा ताकत नहीं रही अब। अलविदा कुश्ती 2021-2024। आप सबकी हमेशा रिणी रहूंगी।''उल्लेखनीय है कि बुधवार को 50 किग्रा कुश्ती वर्ग के फाइनल मुकाबले के लिये विनेश फोगाट को यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिग (यूडब्ल्यूडब्ल्यू) द्वारा अयोग्य घोषित किया था।

सांसद हरेन्द्र मलिक ने उठाया रेलवे स्टेशन मस्जिद का मुद्दा

शत्रु सम्पत्ति घोषित कराने के प्रकरण को सदन में रखा

मुजफ्फरनगर, 08 अगस्त (बु.)। सांसद हरेन्द्र मलिक ने संसद में जिले के 3 प्रमुख मुद्दों को उठाते हुए यहां भू माफियाओं पर कार्यवाही की मांग की। सदन में सांसद हरेन्द्र मलिक ने रेलवे स्टेशन मस्जिद, नई मंडी क्षेत्र का एक हिस्सा शत्रु सम्पत्ति घोषित कराने व मोहर्रम के दौरान जुलूस का रास्ता दबाव में रोकने के मुद्दों को उठाते हुए यूपी सरकार की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए। सपा सांसद हरेन्द्र मलिक ने कहा कि मुजफ्फरनगर जिले में भू माफियाओं ने स्थानीय प्रशासन से मिलकर एक बड़े भू भाग को, जो बीते 500-700 वर्षो से बसा हुआ क्षेत्र था, को शत्रु सम्पत्ति घोषित कर दिया ताकि नगर के दक्षिणी भाग में सत्तासीन व्यक्ति के प्राइवेट बिल्डर को लाभ हो सके। उन्होंने आरोप लगाया कि इससे गांधी कालोनी-द्वारिकापुरी आदि कालोनी के लोग न सम्पत्ति पर बैंक लोन ले पा रहे हैं और न सम्पत्ति को बेच पा रहे है। अब ऐसे ही भू माफियाओं की निगाह धार्मिक स्थलों पर पड़ी है। उन्होंने स्थानीय रेलवे स्टेशन के पास बनी मस्जिद को लेकर शिकायतबाजी के बीच ही यह प्रकरण सदन में रखते हुए कहा कि शहर के बीच में सन 1900 में एक धार्मिक स्थल रूस्तम अली खां ने की थी। उनका देहांत 1918 में हुआ था। मस्जिद की स्थापना ऐसे व्यक्ति ने की, जिसका जन्म भी हिन्दुस्तान में हुआ और मृत्यु भी हिन्दुस्तान में हुआ है। उन्होंने कहा कि प्रशासन से मिलकर कुछ भू माफिया इसे शत्रु संपत्ति घोषित कराकर कब्जा कराकर शॉपिंग कॉम्पलैक्स बनाने की साजिश रची जा रही है। राजस्व अभिलेख में 1325 फसली वर्ष में वहां

शेष - पृष्ठ-4 पर

देश की जनता को भ्रमित करने का स्थानीय सांसद कर रहे काम: संजय अरोरा

मुजफ्फरनगर, 08 अगस्त (बु.)। राष्ट्रीय हिंदू शक्ति संगठन के राष्ट्रीय संयोजक संजय अरोरा ने एक प्रेस बयान जारी करते हुए कहा कि मुजफ्फरनगर सांसद हरेंद्र मलिक ने लोकसभा में रेलवे स्टेशन के सामने की शत्रु संपत्ति मामले में भू माफियाओं व प्रशासन पर मिलीभगत का आरोप लगाकर देश की जनता को भ्रमित करने का कार्य किया है, जो आरोप निराधार है। उन्होंने कहा कि मैं अवगत करा देना चाहता हूं कि वहां पर धार्मिक स्थल न होकर एक फाइव स्टार होटलनुमा ढांचा बनाया गया है। मुजफ्फरनगर सांसद ने लोकसभा में उस ढांचे को पूर्व में सराय बताया है यह ढांचा रेलवे स्टेशन के ठीक सामने स्थित होने से देश की सुरक्षा को खतरा पैदा कर रहा है क्योंकि स्थानीय निवासियों के अनुसार पहले भी इस स्थान से संबंधित व्यक्तियों की गिरफ्तारी हो चुकी है। वहीं जिलाधिकारी द्वारा गठित कमेटी इसकी जांच कर रही है और राष्ट्रीय हिंदू शक्ति संगठन इस मामले की मजबूत पैरवी की जा रही है और भविष्य में भी करता रहेगा। उन्होंने कहा कि सांसद को इस मुद्दे पर सभी तथ्यों से अवगत कराया जाएगा क्योंकि सांसद द्वारा एक विशेष वर्ग को खुश करने का प्रयास किया गया है।

पत्नी के साथ हैवानियत करने वाला पुलिस की गिरफ्त में

फिरोजाबाद, 08 अगस्त (वार्ता)। उत्तर प्रदेश की फिरोजाबाद पुलिस ने हैवानियत की हद पर कर चुके एक सिरफिरे को गिरफ्तार किया है। पुलिस सूत्रों ने गुरुवार को बताया कि मटसेना क्षेत्र के गांव अकबरपुर निवासी सुरजीत की पत्नी रेशमा की मंगलवार को संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। रेशमा के भाई ने ससुराली जनों के खिलाफ हत्या का आरोप लगाते हुए पुलिसमे रिपोर्ट दर्ज कराई गई । पुलिस में शव का पोस्टमार्टम करवाया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट मे महिला की हत्या से पहले शरीर पर मारपीट चोट के निशान के साथ ही पेट में लकडी का बेलन निकला है। रिपोर्ट की जानकारी मिलते ही पुलिस अधिकारी भी आरोपी पति की हैवानियत सुनकर अचंभित हो गये। पुलिस ने रोपी पति को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया जबकि अन्य की तलाश जारी है।

जापान में भूकंप के शक्तिशाली झटके , सुनामी की चेतावनी

टोक्यो, 08 अगस्त (वार्ता)। जापान के क्यूशू द्वीप के दक्षिण-पूर्वी तट पर गुरुवार को शक्तिशाली भूकंप के झटके महसूस किये गये। जापान मौसम विज्ञान एजेंसी के मुताबिक स्थानीय समयानुसार शाम 16:43 बजे आये भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 7.1 आंकी गयी। भूकंप का केंद्र 'गा नाडा क्षेत्र में 30 किलोमीटर (18.6 मील) की गहराई में स्थित था। मियाज़ाकी और कागोशिमा प्रान्तों में 5.0 तीव्रता वाले भूकंप के झटके महसूस किये गये। अधिकारियों ने क्यूशू द्वीप के तटीय क्षेत्रों के साथ-साथ शिकोकू द्वीप के पश्चिमी और दक्षिणी तटों के लिए सुनामी की चेतावनी जारी की है।

योगी ने पश्चिम बंगाल के पूर्व सीएम के निधन पर व्यक्त किया शोक

लखनऊ, 8 अगस्त (वार्ता)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पश्चिम बंगाल के पूर्व सीएम बुद्धदेव भट्टाचार्य के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया। साथ ही ईश्वर से दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करने एवं परिवार को दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की। योगी आदित्यनाथ ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा '' यह सुनकर बहुत दुख हुआ कि पश्चिम बंगाल के पूर्व मुख्यमंत्री श्री बुद्धदेव भट्टाचार्य गोलोक वासी हो गये हैं। मैं उनके परिवार और समर्थकों के प्रति हृदय से संवेदना व्यक्त करता हूं। प्रभु श्री राम से प्रार्थना करता हूं कि वे दिवंगत आत्मा को शांति दें।

सर्राफा बाजार

मुजफ्फरनगर, 08 अगस्त, (बु.)। मुजफ्फरनगर सर्राफा बाजार के भाव इस प्रकार रहे:-

सोना-	71500	चांदी-	81500
सिक्का-	96000	गिन्नी-	53390

आपका आज का राशिफल

शुक्रवार, 09 अगस्त, 2024

मेष- योजना की शुरूआत, रचनात्मक कृत्यों की ओर रुझान, निराशा का समापन, लाभ का सुअवसर प्राप्त, शारीरिक कष्ट में कुछ कमी, दूसरों की सलाह मान्य।

वृषभ- नवीन समस्याओं का समाधान, घरेलू वातावरण सुखद, धन संचय की ओर प्रवृत्ति, मित्रों से सहयोग, मान-सम्मानपरक कृत्य सम्पन्न, नवस्थलों की यात्रा।

मिथुन- योजना अधूरी, विरोधी पक्ष से प्रतिष्ठा पर आघात, धन हानि की आशंका, स्वजनों से विवाद, नवीन समस्याएँ उपस्थित, मानसिक अशांति, यात्रा में परेशानी।

कर्क- सामयिक कार्यों के बनने से खुशी, निजी इच्छा की पूर्ति, लाभ हेतु प्रयास, नवस्थलों की यात्रा का विचार, आनन्द की अनुभूति, यश प्रतिष्ठा में वृद्धि।

सिंह- अभिलाषा की पूर्ति का सुयोग, साहसिक प्रयास प्रगति पर, स्वविवेक से लिया गया निर्णय लाभप्रद, भौतिक सुख के साधन में वृद्धि, यात्रा सुखद, धनागम भी।

कन्या- ग्रहयोग बेहतर, व्यक्तिगत समस्या का समाधान, पारस्परिक सम्बन्धों में प्रगाढ़ता, किसी आयोजन में सम्मिलित होने का सुअवसर, आय के नवीन स्त्रोत उपस्थित।

तुला- मानसिक तनाव, आर्थिक व्यावसायिक हानि, अध्ययन में व्यतिक्रम, अकल्पित घटनाओं को लेकर चिन्ता, यात्रा में परेशानी, जोखिम से नुकसान, सूझबूझ जरूरी।

वृश्चिक- दिन शुभ, विवाद का निर्णय पक्ष में, नवसम्पर्क से खुशी, साहसिक कार्य प्रगति पर, स्वास्थ्य में सुधार, शुभ-विचारों से आत्मिक शांति, नूतन पदाधिकार की प्राप्ति।

धनु- कठिनाइयों का निवारण, पारिवारिक उत्तरदायित्व की पूर्ति, स्वजनों के माध्यम से किसी विवाद का समापन, बौद्धिक क्षमता का विकास, संत समागम से हर्ष।

मकर- दिनचर्या व्यवस्थित, आत्मबल में वृद्धि, दाम्पत्य जीवन में सुख शांति, राजकीय पक्ष से लाभान्वित, मान-सम्मानपरक कृत्य सम्पन्न, संभावित यात्रा सफल।

कुम्भ- कार्य अधूरे, जीवन साथी के स्वास्थ्य की चिन्ता, एकाग्रता का अभाव, लाभ का मार्ग अवरुद्ध, पारिवारिक मतभेद उजागर, अनावश्यक भ्रमण, अकेलेपन की अनुभूति।

मीन- आर्थिक व्यावसायिक उन्नति, मित्रों से गलतफहमियां दूर होने को, प्रतिष्ठित व्यक्तियों से सम्पर्क, पठन-पाठन में रुचि, सामाजिक गतिविधियों की ओर रुचि।

विमल जैन, हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न परामर्शदाता, फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्, एस-2/1-76,ए, वर्धन भवन, द्वितीय तल, आकांक्षा हॉस्पिटल के पास, टैगोर टाऊन एक्सटेंशन (महावीर मंदिर टू यू.पी. कालिज रोड) भोजूबीर, वाराणसी-221002 मोबाइल 9335414722

संस्थापक सम्पादक
एवं
हमारे प्रेरणास्रोत्र
स्व. उत्तमचन्द्र शर्मा

मुजफ्फरनगर बुलेटिन

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्रीमति पूजा दुआ ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रात:कालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।
सम्पादक-अंकुर दुआ
(प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840
(विज्ञापन)-9368549219 (नि.) 7983359929
सम्पादक-9412210257
E-mail :
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com

सरकारी अस्पताल में पर्ची बनवाने गयी महिला के साथ छेड़छाड़

बुढ़ाना, 08 अगस्त (बु.)। एक स्वास्थ्यकर्मी को उस समय लेने के देने पड़ गये जब उसने पर्ची बनवा रही एक महिला को अश्लील बात कह दी। तब उक्त महिला ने हॉस्पिटल में जमकर हंगामा किया और पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की।

बुढ़ाना कस्बे के मौहल्ला चंधेडी रोड निवासी एक महिला बृहस्पतिवार की सुबह अपने पति के साथ बाइक पर सवार होकर कस्बे के सरकारी हॉस्पिटल में गयी थी। उसको दाद, खाज और खुजली की शिकायत थी। वह जब लाइन में लगकर एक रुपये की पर्ची बनवा रही थी तो अंदर बैठकर पर्ची बना रहे स्वास्थ्यकर्मी ने महिला से उसके रोग के बारे में पूछा तो उसने बता दिया। तब मनचले अंदाज में स्वास्थ्यकर्मी ने महिला को अश्लील शब्द कहते हुए गंदा इशारा भी किया तो महिला बिफर गयी और उसने जमकर हंगामा काटा। तब हंगामा होते देख स्टाफ के अन्य लोग मौके पर आए और उक्त महिला को समझा बुझाकर शांत किया। उसके बाद महिला ने अपने पति को साथ ले जाकर आरोपी के खिलाफ एक तहरीर बुढ़ाना कोतवाली में देते हुए आरोपी के विरुद्ध कार्यवाही की गुहार लगाई। उधर पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी। इस संबंध में जब सीएचसी प्रभारी से बात करनी चाही तो उनसे बात नहीं हो सकी।

मामूली बात पर भाई भाभी को मारपीट कर किया घायल

बुढ़ाना, 08 अगस्त (बु.)। मामूली सी बात पर एक ग्रामीण ने अपनी पत्नी के साथ मिलकर अपने भाई और भाभी को मारपीट कर घायल कर दिया। इस मामले में घायल भाई ने पुलिस में शिकायत की है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र के गांव सफीपुर में बृहस्पतिवार की सुबह बंटी कश्यप ने अपने पिता कर्मवीर के हिस्से में खेत से आकर ट्रेक्टर खड़ा कर दिया। तब इसका विरोध उसके बड़े भाई नीटू ने किया तो बंटी ने बस इसी बात से क्षुब्ध होते हुए अपनी पत्नी के साथ मिलकर अपने बड़े भाई नीटू और भाभी संदीपा पर लाठी डंडे से हमला बोल दिया, जिसमें नीटू और उसकी पत्नी संदीपा के साथ बंटी और उसकी पत्नी भी घायल हो गयी। शोर शराबा होने पर मौके पर आए पड़ोसियों ने बड़ी मुश्किल से दोनों पक्षों का बीच बचाव कराया। तब नीटू और संदीपा ने खुद बुढ़ाना कोतवाली पर पहुंचकर पुलिस को घटना की सूचना दी तो पुलिस ने दोनों पति पत्नि का उपचार कराते हुए भाई की तलाश शुरू कर दी। उधर दूसरी और दोनों पक्षों में गांव के जिम्मेदार लोग फैसला कराने के प्रयास में लगे हुए थे।

जमानत पर आये आरोपी ने फिर दी रेप की धमकी

बुढ़ाना, 08 अगस्त (बु.)। जमानत से आने के बाद आरोपी फिर से नाबालिग किशोरी के साथ रेप की घटना को अंजाम देने की बात कह रहा है, जिससे पीड़ित पूरी घबराई हुई है। पीड़िता ने इस एक पखवाड़े में पुलिस को 3 प्रार्थना पत्र दे दिए लेकिन पुलिस किशोरी की कोई भी मदद नहीं कर रही है। अब पीड़िता ने सीओ से मदद की गुहार लगाई है। कस्बे की एक नाबालिग किशोरी ने बृहस्पतिवार को सीओ कार्यालय में एक प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि उसने आमिर उर्फ राजू पुत्र मौसम निवासी करबला रोड बुढ़ाना के विरूद्ध एक वाद दायर कराया था। आमिर ने उसके साथ रेप की घटना को अंजाम दिया था। पुलिस ने उसको जेल भेज दिया था। अब वह पिछले महीने इलाहाबाद से अपनी जमानत कराकर बाहर आ गया है और उसका फिर से रेप करने की धमकी दे रहा है। आरोपी आमिर उर्फ राजू के परिजन उससे रंजिश रखते हैं और उस पर फैसले का दबाव बना रहे हैं। फैसला ना करने पर हत्या करने की भी धमकी दे रहे हैं। अब पीड़िता ने बुढ़ाना सीओ से मदद की गुहार लगाते हुए आरोपी के विरुद्ध कार्यवाही करने की मांग की है।

ट्रक ने डिजायर कार में मारी साइड, चालक सड़क पर भिड़े

पानीपत-खटीमा राष्ट्रीय राजमार्ग पर लगा लंबा जाम मरीजों को ला रही दो एम्बुलेंस भी जाम में फंसी रही

जानसठ, 08 अगस्त (बु.)। पानीपत-खटीमा राष्ट्रीय राजमार्ग पर तहसील गेट के सामने बने कट पर मीरापुर की और से आ रहे ट्रक ने डिजायर कार में साइड मार दी, इस दौरान दोनों वाहनों के चालकों में बहसबाजी होने लगी, वो सड़क पर भी भिड़ गये, जिसकी वजह से काफी देर तक जाम लगा रहा। जाम लगा रहने के कारण वाहन चालकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। जाम होने की वजह से जानसठ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मरीजों को लेकर आ रही दो एंबुलेंस भी काफी देर तक सायरन बजाती रही, लेकिन वाहनों के सामने से ना हटाने की वजह से एंबुलेंस को जाम में ही खड़े रहना पड़ा। बृहस्पतिवार को पानीपत-खटीमा राष्ट्रीय राजमार्ग पर तहसील परिसर के सामने काफी लंबा जाम लगा रहा। तहसील परिसर के सामने ही कचहरी परिसर होने की वजह से यहां पर कट बना हुआ है, जिसकी वजह से पानीपत खटीमा राष्ट्रीय राजमार्ग पर काफी चहल-पहल रहती है। सुबह लगभग 12 बजे इसी कट से तहसील परिसर से निकली डिजायर कार सड़क पार कर रही थी, तभी मीरापुर की ओर से आ रहे ट्रक ने कार में साइड मार दी। साइड लगने की वजह से ट्रक चालक और कार चालक में कहा-सुनी हो गई, जिसकी वजह से पानीपत-खटीमा राष्ट्रीय राजमार्ग पर तहसील परिसर के सामने जाम लग गया। जाम में काफी देर तक मरीजो को ले जा रही दो एंबुलेंस भी सायरन बजाती रही, लेकिन वाहन चालकों पर एंबुलेंस के सायरन का कोई प्रभाव नहीं पड़ा। उसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जाम खुलवाया। काफी देर बाद जाम खुलने पर एंबुलेंस अपने गंतव्य की ओर गई। पैदल चलने वाले राहगीरों को भी काफी परेशानी का सामना करना पड़ा।

बैंक कर्मचारी से लूट करने वालों का पुलिस पता नहीं लगा पाई

जानसठ, 08 अगस्त (बु.)। जानसठ से खतौली मार्ग के गढ़ी वाले बाइपास पर बंधन बैंक के कर्मचारी से लूट करने वाले बदमाशों का पुलिस अभी तक पता नहीं लगा सकी है। एसएसपी ने बदमाशों की गिरफ्तारी के लिए दो टीम लगाई हुई है। बुधवार की दोपहर को गांव भलेड़ी के पास स्थित बंधन बैंक की शाखा के कलेक्शन एजेंट थाना तितावी क्षेत्र के गांव अलीपुर खुर्द निवासी परविंदर कुमार से बाइक सवार तीन बदमाशों ने तमंचों के बल पर 60 हजार रुपयों की नगदी से भरा बैग और मोबाइल लूट लिया था। लूट का विरोध करने पर बदमाशों ने बैंक कर्मचारी को दाहिनी जांघ में गोली मार कर घायल कर दिया था। पुलिस ने लूट का मुकदमा दर्ज कर बदमाशों की तलाश शुरू कर दी थी। अभी तक बदमाशों का पता नहीं चल सका है। सीओ यतेंद्र नागर ने बताया कि बदमाशों को पकड़ने के लिए पुलिस की दो टीम गठित की गई है। पुलिस टीम सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। शीघ्र ही बदमाशों को पकड़ कर लूट की घटना का खुलासा कर दिया जाएगा। घायल बैंक कर्मी की हालत में अब सुधार है।

सामाजिक सौहार्द को नष्ट करने वाली ताकतें आज नफरत फैलाने में लगी: अखिलेश

लखनऊ, 08 अगस्त (वार्ता)। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का नाम लिये बगैर समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने गुरुवार को कहा कि देश की विविधता और सामाजिक सौहार्द को नष्ट करने वाली ताकतें आज नफरत फैलाने में लगी हैं। श्री यादव ने यहां कहा कि लोकतंत्र और संविधान को बचाने के प्रति समाजवादी पार्टी की प्रतिबद्धता सर्वविदित है। भारत के स्वतंत्रता आंदोलन के साथ देश में परिवर्तन की नई मंजिलें तय की गईं। जो दलित, वंचित, शोषित थे उन्हें संविधान में समान हक और सम्मान मिला। बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर के प्रसासों से गरीब-अमीर सभी को एक वोट का समान अधिकार मिला। समाजवाद के साथ लोकतांत्रिक मूल्यों की स्थापना और स्वतंत्र संघर्ष के आदर्शों को अपनाने का संकल्प लिया गया। सपा अध्यक्ष ने कहा कि अगस्त 1942 की तिथि भारत के स्वतंत्रता आंदोलन की ऐतिहासिक एवं निर्णायक तिथि है। 8 अगस्त 1942 की रात्रि महात्मा गांधी जी ने अंग्रेजो से भारत की मुक्ति के लिए करो या मरो का मंत्र दिया था। सभी बड़े नेताओं की 9 अगस्त की तड़के सुबह गिरफ्तारी के बाद समाजवादियों ने ही भारत छोड़ों आंदोलन की कमान सम्हाली थी। उन्होंने कहा कि अंग्रेजो की तमाम घेराबंदी के बावजूद अरूणा आसफ अली ने 9 अगस्त 1942 को बंबई के ग्वालिया टैंक मैदान में तिरंगा फहराकर जनविद्रोह का आगाज कर दिया तो डॉ राममनोहर लोहिया, जयप्रकाश नारायण, ऊषा मेहता आदि समाजवादियों ने मिलकर भारत छोड़ो आंदोलन को नई गति दी। डॉ. लोहिया ने ऊषा मेहता के साथ भूमिगत रेडियों का संचालन किया। जयप्रकाश नारायण ने हजारीबाग जेल की दीवार फांदकर उस क्रांति के नई सनसनी फैदा कर दी। इस आंदोलन में हिन्दू-मुसलमान सभी ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया। श्री यादव ने कहा कि अगस्त क्रांति का सपना देश में किसान, मजदूर और युवाओं का राज स्थापित करना था ताकि सभी को हक और सम्मान का जीवन हासिल हो सके।

यूपी में फहराये जायेंगे पौने पांच करोड़ तिरंगे

लखनऊ, 08 अगस्त (वार्ता)। आजादी की सालगिरह के पावन पर्व पर इस साल 13 से 15 अगस्त के बीच उत्तर प्रदेश में चार करोड़ 75 लाख तिरंगा फहराया जायेगा जो पिछले साल की तुलना में 25 लाख अधिक है। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर योगी सरकार हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी 13 से 15 अगस्त तक प्रत्येक नागरिक के मन में राष्ट्रप्रेम की भावना को जागृत करने के उद्देशच से 'हर घर तिरंगा अभियान' का आयोजन कर रही है। सरकार ने पिछली वर्ष की तुलना में इस वर्ष 5 से 10 प्रतिशत अधिक तिरंगा फहराने का लक्षच निर्धारित किया है। 2023 में प्रदेश के अंदर जहां 4.5 करोड़ तिरंगा फहराए गए थे तो वहीं इस बार यह लक्षच 4.75 करोड़ रखा गया है। इस लक्षच के अनुरूप सभी जनपदों को भी लक्षच दिया गया है। वर्ष 2022 एवं 2023 में हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत संपूर्ण देश में उत्तर प्रदेश ने सर्वाधिक झण्डे फहराए। विगत दोनों वर्षों के अभियानों में प्रत्येक वर्ष 4.5 करोड़ से अधिक झण्डे फहराए गए। प्रदेश के नागरिकों

द्वारा सेल्फी अपलोड अभियान में उत्साह पूर्वक भाग लेते हुए सर्वाधिक सेल्फी अपलोड की गई। इस वर्ष भी उसी उत्साह से आयोजन को मनाया जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इसको लेकर निर्देश जारी किए हैं। इसके अंतर्गत प्रदेश भर में 4 करोड़ घरों और 30 लाख प्रतिष्ठानों समेत करीब 4.30 करोड़ स्थानों पर तिरंगा फहराया जाएगा। कार्यक्रम के तहत आमजनमानस को अपने-अपने घरों, कार्यालयों, वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों, औद्योगिक प्रतिष्ठानों आंगनबाड़ी केन्द्रों, अस्पतालों एवं अन्य सार्वजनिक स्थानों झण्डा फहराने के लिये विभिन्न प्रचार माध्यमों से प्रेरित किए जाने के निर्देश दिए गए हैं। तिरंगे के साथ सेल्फी लेने और उसे हर घर तिरंगा वेबसाइट पर अपलोड करने के लिए भी प्रोत्साहित किया जाएगा। विभिन्न संस्थाओं व संगठनों के सहयोग से झण्डा वितरण कराया जाएगा। स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से झण्डों के निर्माण कराया जाएगा। अभियान के दौरान झण्डा संहिता का अनुपालन करते हुए झण्डा विधिवत तरीके से लगाए जाने के लिए लोगों को विभिन्न माध्यमों से प्रशिक्षित किया जाएगा। आधा झुका, फटा या कटा झण्डा लगाया जाना निषेध होगा। 13 से 15 अगस्त, 2024 के उपरांत निजी आवासों एवं प्रतिष्ठानों पर लगाए जाने वाले झण्डों को आदर भाव के साथ उतार कर सुरक्षित रखा जाएगा।

बार कौंसिल के चेयरमैन से मिले जानसठ के अधिवक्ता

दुर्घटनाग्रस्त और बीमार अधिवक्ताओं को आर्थिक सहायता दिलाने की मांग

जानसठ, 08 अगस्त (बु.)। तहसील बार संघ जानसठ के अधिवक्ताओं का एक प्रतिनिधिमंडल सचिव दीपेश गुप्ता एडवोकेट के नेतृत्व में बार काउंसिल आफ उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष शिव किशोर गौड से खुर्जा में स्थित उनके आवास पर मिला। प्रतिनिधिमंडल ने अधिवक्ताओं की समस्याओं को चेयरमैन शिव किशोर गौड़ के समक्ष रखा। प्रतिनिधि मंडल ने बार संघ के दुर्घटनाग्रस्त और बीमार अधिवक्ताओं की आर्थिक सहायता हेतु अनुरोध किया, जिस पर बार काउंसिल के अध्यक्ष ने 25 हजार रुपए अधिवक्ताओं की आर्थिक सहायता हेतु दिलाने का आश्वासन दिया। बार संघ के सचिव दीपेश गुप्ता एडवोकेट ने जानकारी देते हुए बताया कि अधिवक्ताओं की सहायता हेतु राज्य विधिज्ञ परिषद से काफी कानूनी किताबें भी अध्यक्ष शिव किशोर गौड द्वारा संस्था को दी गई है। उन्होंने जल्दी ही जानसठ आने का निमंत्रण स्वीकार किया है। इस अवसर पर पूर्व सचिव प्रमोद शर्मा एडवोकेट, तेजपाल कश्यप एडवोकेट, मनीष प्रजापति एडवोकेट, प्रतिनिधि मंडल में शामिल रहे।

श्रीराम कॉलेज में 300 विद्यार्थियों को बांटे गये टैबलेट

मुजफ्फरनगर, 08 अगस्त (बु.)। श्री राम ग्रुप ऑफ कालेजेज में स्वामी विवेकानन्द युवा सशक्तिकरण योजना के अंतर्गत बी.टेक एवं बी.आर्क. के छात्र-छात्राओं के लिये टैबलेट वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष डा. वीरपाल निर्वाल, डा. अशोक कुमार निदेशक श्रीराम कॉलेज, डा. प्रेरणा मित्तल प्राचार्या श्रीराम कॉलेज, डा. आर.पी. सिंह निदेशक रिसर्च एसआरजीसी, डा. गिरेन्द्र गौतम निदेशक श्रीराम कॉलेज ऑफ फार्मेसी तथा श्री राम ग्रुप ऑफ कालेजेज के निदेशक डा. एस.एन.चौहान ने दीप प्रज्जवलन करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि डा. वीरपाल निर्वाल ने छात्र-छात्राओं को सम्बोधित करते हुये कहा कि डिजिटल क्रांति के इस युग में उत्तर प्रदेश सरकार की युवाओ को टैबलेट वितरण योजना लाभान्वित कर रही है। बिना किसी भेदभाव के सभी छात्र-छात्राओं को टैबलेट दिए जा रहे हैं। उन्होंने विशेष रूप से ग्रामीण परिवेश से आने वाली छात्राओं के लिये डिजि शक्ति टैबलेट योजना को एक वरदान बताते हुए कहा कि हमारी बेटियां भी टैबलेट का बखूबी इस्तेमाल कर रही हैं। डा. एस. एन. चौहान ने यह बताया कि बी.टेक तृतीय एवं चतुर्थ वर्ष तथा बी.आर्क. तृतीय, चतुर्थ एवं पंचम वर्ष के लगभग 300 छात्र-छात्राओं को टैबलेट वितरित किये गये। कार्यक्रम को सफल बनाने में श्रीराम

कुमार शर्मा रागी, डा. मनोज धीमान, डा. रवि गौतम, डा. सुचित्रा त्यागी, डा. विनित शर्मा, रुचि रॉय, कु. शुभि, इन्दू चौहान, विजेन्द्र कुमार, अभिषेक कुमार, पुष्पेन्द्र सिंह आदि का सहयोग रहा। संचालन डा. आकांक्षा सिंह ने किया।

▶▶ न्यू एसडी कॉलेज मार्किट परिसर में आयोजित हुई जनता आभार सभा के दौरान लिए गए कुछ खास फोटो.....

1973-2024

सम्पादक की क़लम से

संसद के सदनों में विपक्ष का बर्ताव

संसद के सदनों में विपक्ष का बर्ताव सही नहीं है। सत्ता पक्ष के सांसदों, मंत्रियों का यही कहना है। विपक्ष बिना सोचे-समझे सिर्फ विरोध करने के लिए हल्ला मचाने में अपनी कुशलता दिखा रहा है। कल राज्य सभा में तब हद हो गयी, जब दुःखी मन से राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने विपक्षी सांसदों के बुरे बर्ताव के कारण यह कह दिया कि मैं खुद को कार्रवाई चलाने में सक्षम नहीं पा रहा हूँ, कुछ समय के लिए मैं विराम ले रहा हूँ, ऐसा कह कर वे उठकर चले गये। उनकी टिप्पणी का किसी विपक्षी सांसद पर कोई असर नहीं पड़ा, वे हँसते रहे। राज्यसभा में विपक्षी सदस्यों के इस बर्ताव की सत्ता पक्ष ने कड़ी निन्दा की। बाद में विपक्ष वाकआउट कर गया। बाहर आकर कई सांसदों ने पत्रकारों से अपनी-अपनी बात कही। एक सांसद ने, जयराम रमेश के खिल्ली उड़ाने के अंदाज में हंसने की निन्दा करते हुए कहा कि यह कैसा व्यवहार किया जा रहा है? ये प्रेस के सामने किस मुँह से जाते हैं, उन्होंने सांसदों के बुरे आचरण पर पर मिर्जा गालिब का यह शेर पढ़ दिया-

काबा किस मुँह से जाओगे गालिब,
शर्म तुम को मगर नहीं आती।

राज्य सभा के सभापति जगदीप धनखड़ की दुःखी मन से की गयी टिप्पणियों पर किसी ने खेद प्रगट नहीं किया,यानी किसी को शर्म नहीं आयी। कल लोकसभा में केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरण रिजिजू ने वक्फ बोर्डों को नियंत्रित करने वाले कानून में संशोधन से संबंधित विधेयक पेश किया। इस पर विरोध तो होना ही था, लेकिन कुछ गलत बातें भी बोली गयीं। वक्फ़ कानून का नाम बदलकर 'एकीकृत वक्फ प्रबंधन, सशक्तीकरण, दक्षता और विकास अधिनियम' कर दिया गया है। सरकार का दावा है कि ये संशोधन कानून में मौजूद खामियों को दूर करने और वक्फ की संपत्तियों के प्रबंधन और संचालन को बेहतर बनाने के लिए जरूरी हैं। अखिलेश और ओवैसी सहित कई सांसदों ने इस विधेयक का विरोध किया। विपक्ष के आरोपों पर रिजिजू ने इसका जवाब देते हुए बताया कि विपक्ष मुसलमानों को गुमराह करने का प्रयास कर रहा है, कई सांसदों ने मुझसे व्यक्तिगत रूप से मिलकर कहा कि कई वक्फ बोर्ड पर माफिया का कब्जा है, लेकिन वे अब पार्टी के दबाव में विधेयक का विरोध कर रहे हैं। पिछले दो सालों में देश के अलग-अलग उच्च न्यायालयों में वक्फ से जुड़ी करीब 120 याचिकाएं दायर की गई थीं, जिसके बाद इस कानून में संशोधन प्रस्तावित किए गए हैं। अदालत में दी गई अर्जियों में वक्फ कानून की वैधता को इस आधार पर चुनौती दी गई थी कि जैन, सिख और अन्य अल्पसंख्यकों सहित दूसरे धर्मों में ऐसे कानून लागू नहीं होते। कानून के जानकार कहते हैं कि धार्मिक आधार पर कोई ट्रिब्यूनल नहीं रह सकता। भारत ऐसा राष्ट्र नहीं हो सकता, जहां दो कानून हों। यहां एक देश और संपत्ति के लिए एक कानून हो। अदालतों में दायर 120 याचिकाओं में से तकरीबन 15 मुसलमानों की ओर से भी दायर की गई हैं। दान और परोपकार वाले काम कभी भी धर्म के आधार पर नहीं होने चाहिए। सरकार विरोधी सोच रखने वालों का कहना है कि यह संशोधन प्रमुख जमीनों पर सरकारी कब्जे की कोशिश है। ये सिर्फ.और सिर्फ.हिंदू वोट बैंक को खुश करने के लिए है। इसके साथ ही वे यह भी मानते हैं कि मौजूदा वक्फ कानून में कुछ कमियां हैं और वक्फ़ बोर्ड से जुड़ी कई ईकाइयों में भ्रष्टाचार की बात को भी खारिज नहीं किया जा सकता है इसका प्रबंधन भी ठीक से नहीं हो रहा है। प्रस्तावित संशोधन के तहत अतिरिक्त कमीश्नर के पास मौजूद वक्फ की जमीन का सर्वे करने का अधिकार वापस ले लिया गया है और उनकी बजाय ये जिम्मेदारी अब ज़िला कलेक्टर या डिप्टी कमिश्नर को दे दी गई है। केंद्रीय वक्फ परिषद और राज्य स्तर पर वक्फ बोर्ड में दो गैर मुस्लिम प्रतिनिधि रखने का प्रावधान किया गया है। किसी संपत्ति के वक्फ के तहत आने या न आने का फैसला लेने का वक्फ बोर्ड का अधिकार वापस ले लिया गया है। नये प्रस्ताव के अनुसार मौजूद तीन सदस्यों वाली वक्फ ट्राइब्यूनल को भी दो सदस्यों तक सीमित कर दिया गया है, लेकिन इस ट्राइब्यूनल के फैसलों को अंतिम नहीं माना जाएगा और 90 दिन के भीतर ट्राइब्यूनल के फैसलों को हाईकोर्ट में चुनौती दी जा सकती है। नये विधेयक में सीमा अधिनियम को लागू करने की अनिवार्यता को हटाने का प्रावधान है। वक्फ एक्ट 1995 में के रहमान खान की अगुवाई वाली समिति की सिफारिशों के आधार पर साल 2013 में बड़े बदलाव हुए थे। उस समय इस पर संयुक्त संसदीय समिति और फिर राज्यसभा की सिलेक्ट कमिटी ने विचार-विमर्श किया था। इस विधेयक पर वक्फ बोर्ड की कार्यशैली को साफ-सुथरा बनाने के लिए काम करने वाले कार्यकर्ताओं के साथ ही कई वकीलों की राय भी एक समान है। बहुत से लोग वक्फ बोर्ड से पीड़ित हैं। राजस्थान के बूंदी में रहने वाले शहजाद मोहम्मद शाह ने कोर्ट का दरवाजा इसलिए खटखटाया, क्योंकि फकीर समुदाय की 90 बीघा जमीन वक्फ बोर्ड ने अपने कब्जे में ले ली। उन्होंने कहा कि राजस्थान कोटा और बारण ज़िलों में रहने वाले उनके समुदाय के कुछ और लोगों ने भी इसी तरह की याचिकाएं अदालत में दी हैं। इसमें यह याचिका भी है कि सभी धार्मिक संपत्तियों पर फैसला सिविल कानून से हो न कि वक्फ ट्राइब्यूनल के जरिए। कानून के जानकार इन संशोधनों के कुछ सकारात्मक पहलू भी गिनवाते हैं, कहते हैं कि इस विधेयक के जरिए सेंट्रल वक्फ काउंसिल और बोर्डों पर मुस्लिम सांसदों और विधायकों का एकाधिकार टूटेगा। वे एकाधिकारवादी बन गए थे। उन्होंने कुछ नहीं किया और आम लोगों को कोई फायदा नहीं मिला, इन बोर्डों में भ्रष्टाचार भी है। केंद्रीय मंत्री लल्लन सिंह ने संसद में वक्फ बिल का समर्थन किया है। लल्लन सिंह ने विपक्ष पर पलटवार करते हुए कहा कि ये बिल मुसलमान विरोधी नहीं है। कोई भी संस्था जब निरंकुश होगी, तो सरकार उस पर अंकुश लगाने के लिए, पारदर्शिता के लिए कानून बनाएगी, ये उसका अधिकार है। राज्यसभा से जब विपक्ष ने वाकआउट किया, तो सांसद बाहर आकर कह रहे थे कि कुछ सांसद संसद के दोनों सदनों में केवल व्यवधान के लिए ही आते हैं, ऐसे ही माननीयों के लिए किसी शायर ने दुष्यंत कुमार त्यागी के शेर को इस तरह बदला है-

सिर्फ हंगामा खड़ा करना मेरा मकसद बना,
मेरी कोशिश है के ये संसद न चलनी चाहिए।

चार तीर

सुनील उत्सव

"झूट" "सच" "अक्ल" "सियासत"

झूट को सच और सच को झूट ही कहते रहे,
आज नेताओं की इज्जत कितना नीचे गिर गयी।
अक्ल से लेना नहीं कुछ बोलने से काम है,
निचले दर्जे की सियासत कितना नीचे गिर गयी।

13 से 15 अगस्त तक वृहद स्तर पर होगा हर घर तिरंगा अभियान: कपिल देव

- जिला पंचायत सभागार में हर घर तिरंगा अभियान एवं काकोरी ट्रेन एक्शन की 100वीं वर्षगांठ शताब्दी समारोह को भव्यता के साथ मनाये जाने के दिए निर्देश

मुजफ्फरनगर, 8 अगस्त (बु.)। जिला पंचायत सभागार में राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) व्यवसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास उद्यमशीलता कपिल देव अग्रवाल ने 13 अगस्त से 15 अगस्त तक आयोजित होने वाले हर घर तिरंगा अभियान एवं काकोरी ट्रेन एक्शन की 100वीं वर्षगांठ के अवसर पर शताब्दी समारोह को भव्यता के मनाये जाने हेतु अधिकारियों, व्यापारी उद्यमी संगठन, एनजीओ समाज सेवी संस्थाओं, स्काउट गाइड एवं स्कूलों के प्राचार्यों के साथ समीक्षा बैठक की। राज्य मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान को 15 अगस्त तक पूरे हर्ष-उल्लास एवं भव्यता के साथ सभी के जन सहयोग एवं सहभागिता से मनायें। देश के गौरवमयी इतिहास तथा स्वतन्त्रता सेनानियों के त्याग और बलिदान देश की भावी पीढ़ी तक पहुंचाने वाले कार्यक्रम आयोजित कराये जाये, ताकि देश की भावी पीढ़ी देश भक्ति की धारा में बह सकें। उन्होंने कहा कि हर घर तिरंगा कार्यक्रम के अवसर पर तिरंगे के साथ सेल्फी, वीडियो, रील, फोटो वेबसाइट पर अपलोड की जाये। कहा कि हम सबको मिलकर पूर्ण जन सहभागिता के साथ इस अभियान को सफल बनाना है। अध्यापकों को निर्देश दिये कि वह अपने स्तर से बच्चों को अमर शहीदों के बलिदान के बारे में विस्तार से बतायें, जिससे आने वाली पीढ़ी को प्रेरणा मिले एवं अपने-अपने घरों पर झण्डा लगाने हेतु प्रेरित करें। राज्य मंत्री ने कहा कि काकोरी ट्रेन एक्शन की शताब्दी समारोह के आयोजन का शुभारम्भ 9 अगस्त से किया जायेगा। इस विषय के सम्बन्ध में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम के अर्न्तगत स्वतन्त्रता संग्राम की घटनाओ, स्थानों, आजादी के नायकों पर आधारित सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता, निबन्ध प्रतियोगिता, पेन्टिंग कराये और बच्चों को काकोरी ट्रेन एक्शन की घटनाओं की जानकारी दी जाये। जिलाधिकारी अरविन्द मल्लप्पा बंगारी ने कहा कि सभी प्रधानाध्यापक स्कूल एवं कॉलेजों में छात्र-छात्राओ को तिरंगा लगाने के लिये प्रेरित करें। बैठक में अपर जिलाधिकारी प्रशासन नरेन्द्र बहादुर सिंह, नगर मजिस्ट्रेट विकास कश्यप सहित प्रधानाचार्या, स्काउट गाइड, व्यापारी एवं समाज सेवी संगठन के कार्यकर्ता सहित सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

हर घर तिरंगा, घर-घर तिरंगा

नगर की सड़को पर फल वालों व अन्य ठेली विक्रेताओं को तिरंगा देती चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप व ईओ प्रज्ञा सिंह। -फोटो बुलेटिन

जज्बा बाइक रैली ने भरा देश के प्रति सब में जज्बा व जोश

मुजफ्फरनगर, 08 अगस्त (बु.)। देश-विदेश में प्रसिद्धि पा चुकी जज्बा दौड़-10 ने बाइक रैली के माध्यम से सभी में नया जज्बा भर दिया। गांधी वाटिका गांधी कॉलोनी से शुरू जज्बा बाइक रैली भारत माता की जय-जयकार करते हुए विभिन्न मार्गो से होते हुए रेशू एडवरटाइजिंग पर शहीदों के प्रति सम्मान उत्सव में परिवर्तित हो गई। जज्बा दौड़-10 का शुभारंभ भाजपा जिलाध्यक्ष सुधीर सैनी, पूर्व जिलाध्यक्ष विजय शुक्ला, वरिष्ठ भाजपा नेता गौरव स्वरूप, अमित पटपटिया, सत्यप्रकाश रेशू, आर्ट ऑफ लिविंग सोनिया लूथरा आदि ने केसरिया झण्डी दिखाकर किया। नगर क्षेत्र में नई मंडी, जानसठ रोड, महावीर चौक, मीनाक्षी चौक, शिव चौक, अहिल्याबाई चौक, पुरानी घास मंडी, अंसारी रोड, मालवीय चौक, टाउन हॉल, कोर्ट रोड, प्रकाश चौक होते हुए महावीर चौक आदि मार्गो से निकाली गई। बाइक रैली के शामिल जाबांजों का स्वागत करते हुए लोगों ने 11 अगस्त प्रातः 6 बजे गवर्नमेंट कॉलेज मैदान से शुरू होने वाली जज्बा दौड़ को समर्थन दिया। रैली के आगे यातायात पुलिस मुस्तैदी से ट्रैफिक का संचालन करती रही। जज्बा दौड़-10 को अंतर्राष्ट्रीय स्तर की सफल दौड़ बनाने के लिए पालिका, पुलिस प्रशासन आदि ने हर स्तर से कमर कस ली है। इस बार 11 अगस्त को जज्बा दौड़-10 में किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना से बचने के लिए समर्पित युवा टीम ने डीएम-एसएसपी और यातायात पुलिस से विस्तृत चर्चा कर ली है। पूर्व केन्द्रीय मंत्री डॉ. संजीव बालियान, प्रदेश मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने भी पुलिस प्रशासन को अर्लट रहने के लिए कहा है। बाइक रैली में महावीर चौक से रेशू विहार चौक तक अनेक प्रकार के देशभक्ति के गीत संगीत में परिवर्तित हो गई। जज्बा दौड़ में हितेश आनंद, अजय अनेजा, गुलशन अरोड़ा, हिमांशु शर्मा, कार्तिक, कपिल बंसल, राज कुमार ग्रोवर, अचिन मक्कड़, राखी ग्रोवर, पारुल, अंशु भाटिया, शालिनी आनंद, मनी पटपटिया, सिमरन शर्मा, अतुल कौशिक, जोगेन्द्र हुड्डा, मनीष भारती आदि ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

सावन के गीतों पर नृत्य कर तीज का त्यौहार मनाया

मुजफ्फरनगर, 08 अगस्त (बुस.)। हरियाली तीज पर आयोजित कार्यक्रम नगर के आदर्श कालोनी में स्थित एक रेस्टोरेन्ट में बनाया गया। सभी महिलाओं ने हाथों में मेंहदी लगाकर सज-संवर कर, गीतों पर नृत्य किया। सभी ने सावन के गीत गाकर इस पर्व को यादगार बनाया। शिवानी और वीना कपूर ने सावन के इस पर्व पर शिव और पार्वती की कथा सुनाकर इस कजरी तीज का महत्व बताया। कार्यक्रम में सभी महिलाओं ने अपनी चमक बिखेरी। तीज कार्यक्रम में ऋतु, सांची कर्णवाल, बीना कपूर, मधूरा शिवानी, मोनिका, नेहा, मधू, राधिका, पूनम कनिष्का, अनामिका, ममता, ममता शर्मा, प्रिया, मिनाक्षी वर्मा, शालू, निशा सिंघल, पूजा सोनिया, मनीषा, निहारिका, शिवानी वालिया व साक्षी रानी मौजूद रहीं।

नौ अगस्त को राष्ट्रीय क्रांति दिवस घोषित करें केन्द्र सरकार

- भाकियू प्रवक्ता ने उठाई मांग, कहा-यह दिन स्वतंत्रता दिवस की तरह राष्ट्रीय महत्व का दिन

मुजफ्फरनगर, 08 अगस्त (बु.)। भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत ने भारतीय स्वतन्त्रता के इतिहास में 15 अगस्त की तरह 9 अगस्त की तारीख भी राष्ट्रीय महत्व की तारीख बताते हुए मांग की कि सरकार इस तारीख को संज्ञान में ले और इसे राष्ट्रीय क्रांति दिवस के रूप में राष्ट्रीय पर्व घोषित किया जाए। भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता चौ. राकेश टिकैत ने कहा कि 1942 में 9 अगस्त को बापू के अंग्रेजों भारत छोड़ो के आह्वान पर करो या मरो के संकल्प के साथ स्वतंत्रत हासिल करने के लिए सम्पूर्ण देश सड़क पर उतर पड़ा। केवल अंग्रेजों की वेतनभोगी जमात इस संग्राम में शामिल नहीं थी। उन्होंने कहा कि इसकी वजह से देश पर काबिज अंग्रेजों का नियंत्रण समाप्त हो गया। वहीं जगह जगह लोगों ने तिरंगा फहरा कर अपने को स्वतंत्र घोषित कर दिया। भाकियू के राष्ट्रीय प्रवक्ता चौ. राकेश टिकैत ने कहा कि करीब 5 वर्ष लगातार चले इस संग्राम की वजह से भयभीत अंग्रेजों ने 14 / 15 अगस्त में रात बारह बजे भारत की व्यवस्था भारतीयों के हाथ में सौंप दी थी, जिसकी वजह से 15 अगस्त को हर भारतवासी ने स्वतन्त्र हवा में सांस लिया। इसे लेकर हर देश वासी 15 अगस्त की तारीख को स्वतंत्रता दिवस के राष्ट्रीय पर्व के रूप में याद करता है। उन्होंने कहा कि तकरीबन सौ वर्ष चले इस स्वतंत्रता संग्राम की शुरूआत में मेरठ की प्रमुख भूमिका रही। नमक सत्याग्रह और अंग्रेजों भारत छोड़ो में तो रही ही। यह सभी के लिए खुशी की बात है। उन्होंने कहा कि इस स्वतंत्रता संग्राम में अनगिनित भारतीय शहीद हुए, अकूत धन की क्षति हुई लेकिन 9 अगस्त 1942 से पूर्व कभी एक साथ देश खड़ा नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि 9 अगस्त 1942 को अंग्रेजों के वेतन भोगियों के अलावा भारत के सभी लोग संग्राम में शामिल हुए। ऐसे में 9 अगस्त की तारीख को राष्ट्रीय क्रांति दिवस के रूप में राष्ट्रीय पर्व का सम्मान मिलना चाहिए।

हिन्दुओं पर अत्याचार से भाजपाइयों में रोष, बांग्लादेश के खिलाफ प्रदर्शन

भोपा, 8 अगस्त (बु.)। मोरना में स्थित चौधरी चरण सिंह पर गुरूवार को बांग्लादेश में हिन्दुओं पर हो रहे भारी अत्याचार को लेकर रोष प्रकट किया गया। भाजपा मंडल महामन्त्री अरुणपाल ने कहा कि बांग्लादेश सरकार टूट गयी है। वहाँ हिंसक आंदोलन करने वालों में अधिकतर भारत विरोधी, हिन्दू विरोधी हैं। जिसमें जमाते इस्लामी की प्रमुख भूमिका है। यह आंदोलन हिन्दुओं को निशाना बनाकर चलाया जा रहा है। इन घटनाओं के सम्बंध में बाग्लादेश सेना प्रमुख से बात की जाये और हिंदुओं की सुरक्षा सुनिश्चित की जाये। वहीं ओमसिंह, मुनेश, डॉ. सुनील कुमार ने कहा कि बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार एक सुनयोजित हिंसा है। वहां के सेना प्रमुख को सीधी बात कर चेतावनी दी जाये। हिंदुओं का सम्मान सर्वोपरि है। पुनीत खोकर, अजय कश्यप, पवन, गौतम सोलंकी, रजनीश, सतवीर, सन्दीप, सन्तोष कुमार, अंकित चौहान आदि मौजूद रहे।

हर घर तिरंगा लेकर घर-घर जायेंगे भाजपा कार्यकर्ता

- पीएम मोदी के अभियान को सफल बनाने को बैठक में मंथन

मुजफ्फरनगर, 08 अगस्त (बु.)। गांधीनगर स्थित भाजपा कार्यालय पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने को कार्यकर्ताओं के साथ जिला प्रभारी सूर्यप्रकाश पाल और जिलाध्यक्ष सुधीर सैनी के नेतृत्व में जिला स्तरीय बैठक आयोजित करते हुए अभियान को सफल बनाने की रूपरेखा पर विचार मंथन किया गया। पार्टी कार्यालय पर उत्तर प्रदेश राज्य निर्माण सहकारी संघ के सभापति और जिला प्रभारी सूर्य प्रकाश पाल ने हर घर तिरंगा अभियान को लेकर जिला स्तरीय बैठक का आयोजन करते हुए संगठन के शीर्ष नेतृत्व के दिशा निर्देशों से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि स्वतंत्रता दिवस से पूर्व हर घर तिरंगा अभियान शुरू करना है। आजादी का यह जश्न तिरंगा फहराकर मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इसके लिए देश में हर घर और प्रतिष्ठान पर तिरंगा लहराने का अभियान चलाया जा रहा है। इसमें सभी को जागरूक करते हुए उनकी सहभागिता सुनिश्चित की जानी है। इसके लिए जिले में तिथिवार कार्यक्रम आयोजित किये जाने हैं। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं को मंडलवार जिम्मेदारी दी है, इसमें घर घर तिरंगा लेकर लोगों को जागरुक किया जायेगा। उन्होंने बताया कि इस कड़ी में 09 और 10 अगस्त को मंडलवार बैठक करते हुए कार्यक्रम और तिरंगा वितरण रूपरेखा बनाई जायेगी। इसके लिए जिलाध्यक्ष सुधीर सैनी को निर्देशित किया गया। बैठक में मुख्य रूप से जिला पंचायत अध्यक्ष वीरपाल निर्वाल, वरिष्ठ भाजपा नेता गौरव स्वरूप, ब्लॉक प्रमुख अक्षय पुंडीर, हरीश अहलावत, राजू अहलावत, जगदीश पांचाल, श्रीमोहन तायल, सुधीर खटीक, गीता जैन, साधना सिंघल, अचिन्त मित्तल, पवन अरोरा, रमेश खुराना, डॉ. देशबन्धु तोमर, नितिन मलिक आदि मौजूद रहे। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष सुधीर सैनी व संचालन बिजेन्द्र पाल व रोहताश पाल ने किया।

पंजाब नेशनल बैंक पुलिस की लापरवाही से रहा असुरक्षित

जानसठ, 08 अगस्त (बु.)। तहसील परिसर के पास स्थित पंजाब नेशनल बैंक पुलिस की लापरवाही की वजह से बृहस्पतिवार को पूरे दिन असुरक्षित रहा। बैंक के अंदर और आसपास कोई भी पुलिसकर्मी सुरक्षा के लिए तैनात नहीं था। बुधवार को बंधन बैंक के कलेक्शन एजेंट से बाइक सवार तीन बदमाशों ने 60 हजार रुपये लूट लिए थे। इसके अलावा कुछ दिनों पहले अलग-अलग बैंकों के एटीएम से अज्ञात लोग एटीएम कार्ड बदलकर लोगों के लाखों रुपये निकाल चुके हैं। इसके बावजूद भी पुलिस बैंकों की सुरक्षा में लापरवाही कर रही है। बृहस्पतिवार को पंजाब नेशनल बैंक की सुरक्षा को लेकर पुलिस की लापरवाही का मामला सामने आया। बृहस्पतिवार को बैंक के बाहर पुलिसकर्मी सुरक्षा के लिए मौजूद नहीं रहा। दिनभर पंजाब नेशनल बैंक पुलिस की लापरवाही की वजह से असुरक्षित रहा। पुलिस की लापरवाही की वजह से बैंक में कोई भी घटना घट सकती थी। इस संबंध में सीओ यतेंद्र नागर का कहना है कि एसबीआई बैंक में पुलिस की सुरक्षा रहती है। बाकी बैंकों में सुरक्षा को लेकर पुलिस गश्त करती रहती है। बाकी बैंक अपनी ओर से सुरक्षा को लेकर गार्ड रखते हैं। पंजाब नेशनल बैंक के मैनेजर अरविंद कुमार ने बताया कि आज तहसील में कोई प्रोग्राम है। जिसकी वजह से सभी पुलिसकर्मी तहसील में गए हुए हैं। इसी कारण बैंक में कोई पुलिसकर्मी मौजूद नहीं है।

दुकान बिकाऊ है
SALE SHOP
तीन दुकानें घास मण्डी में
(भगत सिंह रोड के पास)
एक दुकान पूरब मुहाना, एक दुकान पूरब व उत्तर मुहाना (दो रोड की)
एक दुकान उत्तर मुहाना बिकाऊ है।
इच्छुक व्यक्ति सम्पर्क करें।
सम्पर्क करें-
9219516904

रोटरी क्लब मिड टाउन ने किया तीज कार्यक्रम का आयोजन

मुजफ्फरनगर, 08 अगस्त (बुस.)। रोटरी क्लब मिडटाउन द्वारा तीज फ्यूजन कार्यक्रम का आयोजन मेरठ रोड स्थित रिसोर्ट पर किया गया, जिसमे क्लब के सदस्यों द्वारा मनमोहक प्रस्तुतियां दी गयी। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण 1998 से 2023 तक क्लब द्वारा चयनित तीज क्वींस द्वारा प्रस्तुतियां एवं उनका सम्मान रहा। इस अवसर पर क्लब की वेबसाइट रोटरीमिडटाउन.काम का भी लोकार्पण किया गया। मुख्य अतिथि विनीता पाटिल पत्नी अरविन्द मलप्पा बंगारी आईएएस रही। उन्होंने कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए सभी को तीज की शुभकामनायें दी। कार्यक्रम संयोजक शालू गर्ग, नीरा गोयल के अतिरिक्त मुक्ति अग्रवाल, कनिका अग्रवाल, नीलम शर्मा, द्वारा कार्यक्रम को सफल बनाने में की गयी मेहनत के लिए क्लब अध्यक्ष कौशल कृष्ण द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया। कार्यक्रम में उमेश गोयल, अरविन्द गर्ग, सीए अतुल अग्रवाल, नरेश शर्मा, सीए प्रगति कुमार, सुनील गर्ग, सुनील अग्रवाल, निशांक जैन, पंकज अग्रवाल, पीयूष अग्रवाल, जगमोहन गोयल, राजकुमार गुप्ता आदि लगभग 70 परिवार उपस्थित रहे। सभी महिलाओं को तीज गिफ्ट भी प्रदान किये गए।

रोटरी क्लब गैलेक्सी द्वारा हरियाली तीज महोत्सव संपन्न

मुजफ्फरनगर, 08 अगस्त (बु.)। रोटरी क्लब मुजफ्फरनगर "गैलेक्सी" द्वारा हरियाली तीज महोत्सव का कार्यक्रम धूमधाम के साथ आयोजित किया, जिसमें सभी एनीज एवं रोटेरियन तथा प्यारे बच्चों ने कार्यक्रम के माध्यम से अपनी शानदार प्रस्तुतियां दी, जिसने सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। हरियाली तीज महोत्सव में एनी रश्मि सिंघल को तीज रानी और एनी कोमल अग्रवाल को तीज महारानी चुना गया। कार्यक्रम में अमित सिंघल के सुपुत्र समक्ष ने एक गीत (के.. पग घुंगरू बाँध... मीरा नाची थी..) की शानदार प्रस्तुति दी, जिसने सबको नृत्य करने पर विवश ही कर दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लेफ्टिनेंट गवर्नर अनिल प्रकाश, रीजनल असिस्टेंट गवर्नर नीरज बंसल रहे। कार्यक्रम की होस्टिंग व एंकरिंग मधु त्रिपाठी और रीतू मित्तल ने की। कार्यक्रम की संयोजिका पल्लवी गुप्ता, मोनिका तायल और प्रोजेक्ट चेयरमैन दायित्व का निर्वहन संजय गुप्ता व अंकुर तायल द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। कार्यक्रम में बच्चों एवं एनीज द्वारा प्रस्तुतियां देने पर उन्हें मुख्य अतिथि अनिल प्रकाश एवं नीरज बंसल द्वारा पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में अजय कुमार गर्ग, मनीष सिंघल, नीरज अग्रवाल, संजय गुप्ता, नीरज बंसल, अमित सिंघल, नवीन सिंघल, अभिषेक जैन, मनीष अग्रवाल, पुनीत अग्रवाल, दीपक सूरी, विकास त्रिपाठी, मनोज शर्मा, संदीप गर्ग, अविरल मित्तल, प्रवीण मित्तल, गौरव गोयल, भारत भूषण गर्ग, राजकुमार मित्तल, अंकुर गर्ग, उत्कर्ष कालरा, नरेश जैन, राजीव अग्रवाल, तरुण गुप्ता, अमित, आदि का उत्कृष्ट सहयोग रहा।

अखिल भारतीय वैश्य अग्रवाल महासभा महिला इकाई ने मनाया तीज का त्यौहार

मुजफ्फरनगर, 08 अगस्त (बुस.)। अखिल भारतीय वैश्य अग्रवाल महासभा महिला इकाई द्वारा हरियाली तीज के उपलक्ष में शानदार कार्यक्रम आयोजित किया गया। संरक्षक मधु गर्ग, अध्यक्ष नीलिमा अग्रवाल, महामंत्री मोनिका अग्रवाल, कोषाध्यक्ष स्नेह गर्ग तथा कार्यक्रम संयोजक स्वाति अग्रवाल, कनिका सिंघल, शुभा अग्रवाल, दीपिका ने सभी सदस्यों के साथ मिलकर महाराजा अग्रसेन की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। तत्पश्चात भगवान शंकर के तांडव नृत्य की रोमांचकारी प्रस्तुति ने सभागार में उपस्थित सभी लोगों में अत्यधिक उत्साह का संचार कर दिया। इसके उपरांत कार्यक्रम में सभी प्रतिभागी महिलाओं द्वारा सामूहिक नृत्य एवं तरह-तरह के सरप्राइज गेम्स आयोजित किए गए। सभी आयु वर्ग की महिलाओं द्वारा अप्रतिम उत्साह एवं उमंग के साथ कार्यक्रम में भाग लिया गया। कार्यक्रम में रुचि गर्ग, पूजा, अंजलि, मीनाक्षी मृदुला, प्रिया, साधना गर्ग, अचला, अनीता, अंजू, अर्पणा, गीता, मृदुला गर्ग, राधा, साधना का भरपूर सहयोग रहा। सभी ने कार्यक्रम को हृदय से सराहा एवं अंत में स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद उठाया।

वर्धमान जैन भवन में लगाया निःशुल्क चिकित्सा शिविर

मुजफ्फरनगर, 08 अगस्त (बुस.)। आज चरक जयंती पर आयुर गंगे क्लिनिक नुमाइश कैंप द्वारा निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन वर्धमान जैन भवन धर्मशाला, जैन संस्थानक (मनमोहन जैन), नई मण्डी में किया गया। शिविर का उद्घाटन मनमोहन जैन, अंकुर दुआ संपादक मुजफ्फरनगर बुलेटिन सदस्य भारतीय प्रेस परिषद द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर अंकुर दुआ ने सभी भावी नव युवा वैद्यों व कार्यरत वैद्य से कहा कि आपका उद्देश्य पैसा कमाना ना होकर सेवा भाव का होना चाहिए। कैम्प में सैकड़ों मरीजों का इलाज किया। साथ ही निःशुल्क दवाई का वितरण किया गया। शिविर में घुटनों के दर्द, त्वचा पर मस्सें व तिल, कंधे में दर्द के मरीज अधिक संख्या में आए, जिनकी चिकित्सा लीचथेरपी, जानु व कटी बस्ति, आधुनिक अलाबू चिकित्सा के साथ-साथ अग्निकर्म द्वारा शिविर में स्थानीय डॉ. प्रवीण कुमार, वैद्य आशुतोष, वैद्य चिराग भारद्वाज, वैद्य आयुष, वैद्य अमित बिस्वास, वैद्य आकाश बंसल, वैद्य गौरव शर्मा, वैद्य दीपक माहुर, वैद्य आयुषी जैन, वैद्य प्रचेता, वैद्य श्रेया उपाध्याय, वैद्य तनुजा वशिष्ठ, वैद्य अनुराधा विमल यादव, वैद्य मालविका गौर, वैद्य निशा श्रीवास, वैद्य जागृति चौहान, वैद्य रिया चौधरी, वैद्य अंश शर्मा, वैद्य चंद्रकांत यादव, वैद्य आदर्श व तुषार अरोरा ने अपना सराहनीय योगदान दिया। सभी आयुर्वेद युवा चिकित्सक के प्रेरणा स्रोत सुप्रसिद्ध वैद्य, वैद्य उदय तल्हार रहें। शिविर द्वारा हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मुहिम हर दिन आयुर्वेद, हर घर आयुर्वेद को जन साधारण तक पहुँचाया।

डीएस पब्लिक की छात्रा पलक शर्मा का स्टेट अंपायर के पद पर चयन

मुजफ्फरनगर, 08 अगस्त (बु.)। डीएस पब्लिक स्कूल की छात्रा पलक शर्मा ने यूपी क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित अंपायरिंग परीक्षा में सफलता प्राप्त करके जनपद एवं विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यालय की छात्रा पलक शर्मा ने कानपुर में उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा 4 से 9 जुलाई के बीच संपन्न वुमेन अंपायर वर्कशॉप परीक्षा में सफलता प्राप्त करके यह उपलब्धि हासिल की है। 4 अगस्त को घोषित हुए परिणामों में पलक शर्मा का यूपी स्टेट अंप

रक्षाबंधन पर 18 की रात से 19 अगस्त तक महिलाओं का बसों में सफर फ्री

लखनऊ, 8 अगस्त (एजेंसी)। सीएम योगी ने 19 अगस्त को पड़ने वाले रक्षाबंधन पर प्रदेश भर की बहनों को तोहफा दिया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को शासन स्तर के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में जोन, मंडल, रेंज व जिला स्तर के महत्वपूर्ण पदों पर तैनात अधिकारियों के साथ प्रदेश के कानून-व्यवस्था तथा लोककल्याणकारी कार्यक्रमों की समीक्षा की। इस समीक्षा बैठक में सीएम ने कहा कि 18 अगस्त की रात्रि से 19 अगस्त की रात्रि तक राज्य सड़क परिवहन निगम की बसों में महिलाओं को निःशुल्क यात्रा की सुविधा मिलेगी। इस संबंध में सभी आवश्यक प्रबंध समय से कर लिए जाने चाहिए।

बालक की बलि देने के प्रयास का आरोप

सिखेड़ा, 08 अगस्त (बु.)। पड़ोस में रहने वाली महिला पर 12 साल के बालक की तांत्रिक से बलि दिलवाने के प्रयास का आरोप लगाया। बालक के स्वजन ने इसकी शिकायत पुलिस से भी की। आरोप है कि पुलिस ने स्वजन को समझा बुझाकर वापस भेज दिया। सिखेड़ा थानाक्षेत्र के गांव भंडूरा में बुधवार की देर शाम को दूसरे समुदाय की महिला पड़ोस के रहने वाले परिवार के 12 साल के बालक को अपने घर बुलाकर ले गई। आरोप है कि बालक पड़ोसन के घर से भयभीत होकर भाग निकला। उसने अपने घर पहुंच कर स्वजन को इसके बारे में बताया। स्वजन का आरोप है कि पड़ोस की महिला उनके बालक की तांत्रिक से बलि दिलवाने के मकसद से घर से बुलाकर ले गई थी। बृहस्पतिवार को बालक के स्वजन भंडूर पुलिस चौकी पर महिला की शिकायत करने पहुंचे। पुलिस ने स्वजन को समझा बुझाकर वापस घर भेज दिया। इस संबंध में थाना प्रभारी राजीव शर्मा का कहना है कि बालक की बलि देने के प्रयास का कोई मामला नहीं है। जांच पड़ताल में पता चला कि महिला की लड़की को भूत प्रेत का साया था। इसलिए उसने तांत्रिक को अपनी बेटी की झाड़ फूंक करने के लिए बुलवाया था। झाड़ फूंक कराने के लिए अपनी लड़की को पकड़ने के लिए पड़ोस के बालक को वह अपने घर बुलाकर लाई थी। बालक घर के अंदर महिला की लड़की की हालत को देखकर भयभीत होकर वहां से भाग निकला। बलि देने के प्रयास का कोई मामला नहीं है।

योगी बोलेः धरना-प्रदर्शन के नाम पर अराजकता की छूट नहीं

लखनऊ, 8 अगस्त (एजेंसी)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि किसान संगठन हों अथवा अन्य कोई संगठन, यदि लोकतांत्रिक ढंग से अपनी बात कहना चाहते हैं, तो उसे सुना जाए। उनकी आशा, अपेक्षा और आशंका का यथोचित निराकरण करें। लेकिन अराजकता फैलाने की छूट किसी को नहीं दी जा सकती। लोकतांत्रिक संगठनों की आड़ में कुछ राष्ट्रविरोधी संगठन माहौल खराब करने का प्रयास कर सकते हैं। पूर्व में धरना-प्रदर्शन की आड़ में कुछ अराजकता फैलाने वाले संगठनों की उपस्थिति रही। इनकी पड़ताल करके सख्त कार्रवाई करें। योगी बृहस्पतिवार को अपने सरकारी आवास पर शासन स्तर के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ जोन, मंडल, रेंज व जिला स्तरीय फील्ड अधिकारियों के साथ कानून-व्यवस्था तथा लोक कल्याणकारी कार्यक्रमों की समीक्षा कर रहे थे।

मां और बेटी से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

मुजफ्फरनगर। सिविल लाइन पुलिस ने मां और बेटी से दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। दरअसल, जानसठ क्षेत्र निवासी एक युवक ने छह अगस्त को सिविल लाइन थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि मेरठ के परतापुर निवासी आदित्य उसकी पत्नी ओर नाबालिग बेटी को बहला फुसलाकर अपने साथ ले गया और बाद में उसने मां बेटी के साथ दुष्कर्म किया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी आदित्य को आज बोडी अण्डरपास के पास से गिरफ्तार कर लिया। इसके अलावा सिविल लाइन पुलिस ने शारिफ निवासी फक्करशाह चौक और शावेज उर्फ सोनू निवासी खालापार को अवैध शस्त्र और कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है।

शेष - कट्टरपंथियों के निशाने पर...

बहुत ही व्यवस्थित तरीके से कट्टरपंथियों ने इंदिरा गांधी सांस्कृतिक केंद्र और बंगबंधु स्मारक संग्रहालय को जला दिया है। मुजीबुर्रहमान के बुतों को तोड़ डाला गया।

शेष - सांसद हरेन्द्र मलिक

पर धार्मिक स्थल होने का उल्लेख है। वहीं सपा सांसद ने मोहर्रम जुलूस के दौरान प्रशासन पर दबाव बना कर कुछ लोगों द्वारा रास्ते में एक गेट बनवाकर जुलूस रोकने का काम किया, जिससे तनाव व्याप्त हुआ। जिला प्रशासन मौन है और इनके दबाव में है। सांसद ने सदन में यूपी सरकार को निर्देशित किए जाने की मांग की कि इस धार्मिक स्थल से कोई छेड़छाड़ न की जाये और ऐसे लोगों तथा प्रशासन

शेष - बांग्लादेश के खूनी...

के वीभत्स फोटो, वीडियो और समाचार टीवी व सोशल मीडिया के माध्यम से आ रहे हैं, उसे देखकर खून में उबाल आ रहा है। इन स्थितियों को देखकर भारत में एनआरसी और सीएए लागू करने के सरकार के प्लान पर सवाल खड़ा करने वाले लोगों पर भी सवाल उठ रहे हैं। भाजपा के नेता अजय आलोक ने तो हर मामले में तत्काल बोलने वाले एआईएमआईएम के नेता असदुद्दीन ओवैसी की चुप्पी पर लताड़ लगाते हुए भारत में घुसे बांग्लादेशी और रोहिंग्याओं को वापस भेजने तथा बांग्लादेश में रह रहे हिंदुओं को भारत लाने की वकालत की है।

उच्च शिक्षा के साथ-साथ छात्र-छात्राओं को देने होंगे उच्च संस्कार भी : अंकुर दुआ

मुजफ्फरनगर, 08 अगस्त (बु.)। लिंक रोड स्थित माउंट लिट्रा जी स्कूल में आयोजित एजूकेशन मोटिवेशन स्पीच कार्यक्रम के दौरान शिक्षा नीति-2020 व 2023 में बदलाव की जानकारी प्रोफेसर केजी अरोरा द्वारा दी गयी। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि अब छात्रों को अपनी रूचि और क्षमता के अनुसार विषय चुनने की स्वतंत्रता दी गयी है। इसी क्रम में छात्रों को शिक्षा में प्रवेश और निकास के विकल्प दिये गए हैं। कुल आठ विषयों पर विस्तार से चर्चा करते हुए प्रोफेसर केजी अरोरा ने अभिभावकों एवं कक्षा आठ के छात्र-छात्राओं को उक्त सभी जानकारी दी और उनके सवालों के जवाब भी दिये। इसी क्रम में अतिथि के रूप में मौजूद रहे बुलेटिन सम्पादक अंकुर दुआ व अरविन्द गुप्ता (सर्जन) भी मौजूद रहे। इस अवसर पर बोलते हुए बुलेटिन सम्पादक अंकुर दुआ ने कहा कि हम लोगों से अच्छे शिक्षक प्रोफेसर केजी अरोरा एवं स्कूल के अन्य शिक्षक शिक्षिकाएं आपका मार्गदर्शन करने के लिए उपलब्ध हैं, यह आपका सौभाग्य है, मगर समाचार पत्र के सम्पादक होने के नाते आप सबके अनुभव हमारे पास रहते हैं। ऐसे में आज माता-पिता अपना खून सींचकर बच्चों को जो उच्च शिक्षा दिलाने का काम कर रहे हैं, वास्तव में वे माता-पिता वंदनीय हैं। उन्होंने छात्र-छात्राओं को सम्बोधित करते हुए बताया कि वे सौभाग्यशाली हैं कि आज बड़ी संख्या में नगर में माउंट लिट्रा सहित दर्जनों स्कूल मौजूद हैं, उनके समय में शिक्षा का ऐसा स्तर मौजूद ही नहीं था, मगर फिर भी उन्हें गर्व है कि अपने संस्कारों के दम पर वे आज उच्च पद पर तो हैं ही साथ ही साथ ऐसे स्कूलों में उद्बोधन का अवसर उन्हें मिल रहा है। इसी क्रम में बोलते हुए उन्होंने बताया कि आज जिस तरह अभिभावक भारी भरकम फीस भरने के साथ साथ बच्चों की हर जिद तो मान ही रहे हैं मगर बच्चों पर अपनी लगातार निगाहें बनाए रखें, इस उम्र में आकर बच्चों को मां बाप रोक-टोक के कारण बुरे लगने लगते हैं। बेशक हम मां-बाप बच्चों को बुरे लगते रहें, मगर इस उम्र में उन्हें आवश्यकता से अधिक छूट दे दी जाए तो यही उम्र संवरने और बिगड़ने की है। उन्होंने बताया कि वे यह देखकर हैरत में हैं कि पैसा कमाने की होड़ में अब शिक्षण संस्थान बच्चों को रोक-टोक करने से भी डरने लगे हैं। उन्होंने अपने पुत्र का उदाहरण देते हुए बताया कि जब एक कॉलेज में भर्ती करने के लिए वे नोएडा, देहरादून, दिल्ली, चंडीगढ़ आदि के विभिन्न कॉलेजों में वे गए तो वहां नजारा कुछ और ही था। कॉलेज के इर्द-गिर्द खुलकर नशे का कारोबार होता दिखाई दिया। ऐसे में बच्चों को बचा पाना शिक्षा से भी अधिक जरूरी है। बच्चों को उच्च शिक्षा तो दें मगर गलत संगत से हर हाल में बचाए रखें। इस अवसर पर सर्जन के स्वामी अरविन्द गुप्ता ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्र में बुलेटिन सम्पादक अंकुर दुआ का माउंट लिट्रा के स्वामी चारू भारद्वाज, सुनंद सिंघल, अध्यापिका मीनाक्षी मान, आदित्य वर्मा ने बुकें भेंट कर स्वागत किया।

चारू भारद्वाज ने बुलेटिन सम्पादक को भेंट की रामचरित मानस

मुजफ्फरनगर। माउंट लिट्रा की स्वामी चारू भारद्वाज व सुनंद सिंघल ने संयुक्त रूप से बुलेटिन सम्पादक व भारतीय प्रेस परिषद सदस्य अंकुर दुआ को राम चरित मानस भेंट की। चारू भारद्वाज ने इस अवसर पर बोलते हुए कहा कि उन्हें बुकें व मालाएं तो लगातार स्कूल भेंट करते ही रहते हैं मगर उनका मन हुआ कि इस बार बुलेटिन सम्पादक को रामचरित मानस भेंट की जाए। स्कूल प्रबंधन का आभार व्यक्त करते हुए बुलेटिन सम्पादक ने आश्वस्त किया कि सिर्फ वे उक्त धर्मग्रन्थ को घर पर सजाकर नहीं रखेंगे अपितु समय समय पर उसका अध्ययन व शिक्षा अवश्य ग्रहण करेंगे। बुलेटिन सम्पादक ने स्कूल के स्वामी एवं प्रबंधन तथा अध्यापक अध्यापिकाओं का उन्हें मुख्य अतिथि बनाए जाने पर आभार व्यक्त किया।

शुष्क मौसम के बीच बढ़ा चार डिग्री पारा

अभी बारिश का दौर और तेज होने के आसार कायम

मुजफ्फरनगर, 8 अगस्त (बु.)। शहर में एक और शुष्क दिन के साथ आज तापमान में फिर चार डिग्री का इजाफा दर्ज किया गया। हालांकि मंसूरपुर क्षेत्र में दोपहर बाद बारिश हुई। नगर में तापमान अधिकतम 32.4 और न्यूनतम 24.2 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में मॉनसूनी बारिश में तेजी आ सकती है। नगर में गत दिवस कम ही सही देर तक चली बूंदाबांदी के बाद उमस भरी गर्मी से खासी राहत मिली थी। ऐसे में बीती रात भी काफी सुकून भरी रही। गुरुवार को सुबह से मौसम में फिर गर्माहट लौटती नजर आई। बादलों के साथ कड़क धूप ने दिन भर परेशान किया। हालांकि तापमान चार डिग्री बढ़ कर 32.4 पर आया, लेकिन आज उमस से थोड़ा राहत रही। मंसूरपुर क्षेत्र में खासी बारिश अपराह्न के समय हुई, लेकिन शहर सूखा रहा। मौसम विभाग का कहना है कि बारिश की गतिविधि पहले से अनुमानित थी। कल हुई वर्षा दिल्ली और एनसीआर के लिए अगस्त की पहली सामान्य मानसूनी बारिश थी। गाजियाबाद, नोएडा और ग्रेटर नोएडा में दिल्ली के अंदरूनी हिस्से से तेज और भारी बारिश हुई। बारिश अभी समाप्त नहीं हुई है और अगले 5-6 दिनों में और अधिक गतिविधियाँ होने की संभावना है, खासकर सप्ताह के आखिरी दिनों में। दिल्ली और उसके आसपास हो रही मानसूनी गतिविधि (बारिश, आँधी, तेज हवाएँ, बिजली चमकना) मानसून ट्रफ के असर के कारण है। मानसून ट्रफ यह दिल्ली के करीब रहकर अपनी सामान्य स्थिति में चल रही है। मानसून ट्रफ के रास्ते पर दो चक्रवाती परिसंचरण हैं। पूर्वोत्तर राजस्थान, दक्षिण-पश्चिम उत्तर प्रदेश और दिल्ली क्षेत्र में एक छोटा और संकुचित परिसंचरण बना हुआ है। दूसरा व्यापक परिसंचरण उत्तरी छत्तीसगढ़, झारखंड और मध्य प्रदेश के सटे हिस्सों में है। पूर्व-पश्चिम मानसून ट्रफ थोड़ा झुका हुआ, इन गतिविधि केंद्रों से होकर गुजर रहा है। पूर्वी भागों पर बना परिसंचरण उत्तर-पूर्व मध्य प्रदेश और दक्षिण-पूर्व उत्तर प्रदेश की ओर बढ़ेगा। इसके साथ मानसून ट्रफ का पूर्वी छोर उत्तर की ओर, तलहटी के करीब शिफ्ट हो जाएगा। पश्चिमी छोर पूर्वोत्तर राजस्थान, उत्तर-पश्चिमी मध्य प्रदेश और दिल्ली के पास रहेगा। इससे अगले 5-6 दिनों तक दिल्ली और उपनगरों में मानसूनी बारिश जारी रहेगी। सप्ताहांत, 10 और 11 अगस्त को बारिश अधिक तीव्र और व्यापक हो सकती है। यह मौसम की गतिविधि अगले सप्ताह के दौरान भी जारी रहेगी, जो स्वतंत्रता दिवस,15 अगस्त से भी आगे तक जारी रह सकती है।

सांड की टक्कर से घायल बुजुर्ग की मौत

मुजफ्फरनगर, 8 अगस्त (बु.)। छह अगस्त को सांड की टक्कर से घायल बुजुर्ग की मौत हो गई। बताया गया है कि शहर के महमूदनगर के शफीक अहमद अंसारी छह अगस्त को सड़क पर जा रहे थे, तभी एक सांड ने उन्हें पटक दिया। सांड ने सड़क पर जा रहे बुजुर्ग शफीक अहमद अंसारी को पीछे से आकर टक्कर मार दी थी। जिससे उनके सिर की हड्डी टूट गई। सांड की टक्कर से गंभीर घायल बुजुर्ग को जिला अस्पताल ले जाया गया था। गंभीर अवस्था में उन्हें मेरठ के अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। मेरठ के अस्पताल में दो दिन तक इलाज के बाद आज उनकी मौत हो गई। पूरी घटना सीसीटीवी में कैद हो गई। परिजनों ने जिला प्रशासन से मुआवजा दिलाने की मांग की है। जनपद में निराश्रित गांवश की संख्या बढ़ती जा रही है। आवारा पशुओं से बचाने के लिए सरकार के उपाय कारगर नहीं हो पा रहे।

शिवाजी सेना ने किया शिव चौक पर विरोध प्रदर्शन

बांग्लादेश में हिन्दुओं पर हो रहे हमलों पर जताया आक्रोश

मुजफ्फरनगर, 08 अगस्त (बु.)। बांग्लादेश में हिन्दू समुदाय की सुरक्षा को लेकर गुरूवार को शिवाजी सेना की जिला इकाई ने शिवचौक पर विरोध प्रदर्शन करते हुए उनकी सुरक्षा किए जाने की मांग की। देश की राष्ट्रपति के नाम जिला प्रशासन को सौंपे ज्ञापन में शिवाजी सेना ने कड़ा विरोध दर्ज कराने के साथ इस दिशा में सुरक्षा प्रबंधों को तत्काल प्रभाव से कराते हुए उन परिवारों को सुरक्षित करने की पहल कराए जाने की मांग की। शिवाजी सेना के कार्यकर्ताओं ने नगर के शिवचौक पर संगठन के जिलाध्यक्ष मोहित सोलंकी के नेतृत्व में पहुंच बंग्ला देश मुर्दाबाद के नारे लगाए। शिवाजी सेना ने राष्ट्रपति के नाम प्रशासन को सौंपे ज्ञापन में मांग की कि वह बंग्ला देश में हिन्दुओं के साथ हो रहे अत्याचार के विरोध में प्रदर्शन करते हुए मंदिरों को क्षतिग्रस्त किए जाने की घटनाओं पर रोष व्यक्त किया। शिवाजी सेना ने इस मामले में जिहादी मानसिकता पर रोष व्यक्त करते हुए विस्तापित हिन्दु शरणार्थियों को भारत में शरण देने के लिए राष्ट्रपति और विदेश मंत्री से मांग की। इस दौरान अर्चित आर्य, जैकी राज सैनी, अमन राय, गौरव रावत, विवेक आर्य, अंकित आर्य, विपिन आर्य, सुलभ राय, अमित, अरविन्द राणा, अनुज सिंघल, शांतनु राजपूत, संजीव, रवि, अजय आदि मौजूद रहे।

इकरा हसन को पाकिस्तान से आम भेजने की फर्जी खबर वायरल

कैराना, 8 अगस्त (बु.)। सोशल मीडिया पर वायरल पोस्ट में बताया गया कि पाकिस्तान उच्चायोग से भारत की विपक्षी पार्टी के कुछ नेताओं को आम भेजे गए हैं। जिन नेताओं को आम भेजे जाने की बात कही गई, उनमें राहुल गांधी, अखिलेश यादव, कपिल सिब्बल आदि के साथ कैराना की सपा सांसद इकरा हसन का नाम भी शामिल है। इस पोस्ट के वायरल होने के बाद हर ओर इस खबर की चर्चा होने लगी। इस पोस्ट पर कैराना सांसद इकरा हसन ने कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि उन्हें पाकिस्तान की तरफ से आम नहीं भेजे गए हैं। यह खबर पूरी तरह फर्जी है। उनका नाम पाकिस्तान के जोड़कर बदनाम करने की विपक्ष की साजिश है। इस तरह की पोस्ट को वायरल करने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करेंगे। देर शाम इकरा हसन के प्रतिनिधि मनोज राणा ने कोतवाली में तहरीर दी। तहरीर में लिखा कि कुछ वेबसाइट ने मनघड़ंत फर्जी समाचार पोस्ट किया है। एक ओर पाकिस्तान द्वारा हमारे देश की सीमा पर घुसपैठ की जा रही है। हमारे वीर सैनिक देश की रक्षा करते हुए शहीद हो रहे हैं। ऐसे में पाकिस्तान की तरफ से कोई भी उपहार या आम की पेटी कैसे स्वीकार की जा सकती है। इसलिए ऐसी पोस्ट लिखने वाले और उसे व्हॉट्सएप या अन्य सोशल मीडिया के माध्यम से वायरल करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। कैराना पुलिस ने मामले की जांच करने की बात कही है।

फूड सेफ्टी ऑन व्हील्स के माध्यम से किया जागरुक

मावा व्यापारियों ने जांच की प्रक्रिया पर जलाया संतोष

मुजफ्फरनगर, 08 अगस्त (बु.)। खाद्य सुरक्षा व औषधि विभाग द्वारा संचालित फूड सेफ्टी ऑन व्हील्स नामक मोबाइल प्रयोगशाला बुधवार को नगर में पहुंची। इसके माध्यम से विभाग द्वारा लोगों को खाद्य पदार्थों की सुरक्षा व जांच के बारे में जागरुक किया गया। वहीं लोगों को खाद्य पदार्थों की जांच कर, होने वाली मिलावट के बारे में जानकारी दी गई। मोबाइल प्रयोगशाला के माध्यम से खाद्य सुरक्षा व औषधि विभाग द्वारा मावा मंडी में 20 खाद्य कारोबारकर्ताओं के साथ आम जनमानस को खाद्य सुरक्षा के प्रति जागरूक किया।

जिलाधिकारी अरविन्द मल्लप्पा बंगारी के निर्देश पर अर्चना धीरान सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय के निर्देशन में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की टीम द्वारा फूड सेफ्टी ऑन व्हील्स वैन से मावा मंडी मुजफ्फरनगर में 20 खाद्य कारोबारकर्ताओं द्वारा लाये गये 8 खाद्य पदार्थों (मावा) की जांच उनके समक्ष करते हुए जांच परिणाम बताये गये। नगर में पहुंची मोबाइल जांच वैन की आगामी त्यौहारों के बीच पहुंचने पर लोगों ने मावा की शुद्धता के प्रति उम्मीद व्यक्त की। इस दौरान मावा मंडी में ब्रजमोहन तायल, अनिल तायल, पवन तायल, दिनेश बंसल, नितिन गोयल समेत अन्य व्यापारियों ने मोबाइल जांच वैन की विश्वसनीयता पर संतोष व्यक्त किया।

मोटरसाइकिल सवार युवकों ने चौराहे पर फायरिंग की

जानसठ, 08 अगस्त (बु.)। थाना क्षेत्र के गांव के चौराहे पर बाइक सवार अज्ञात युवकों ने मुंह पर कपड़ा बांधकर फायरिंग की। फायरिंग होने की वजह से गांव में दहशत फैल गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। सीसीटीवी कैमरो में युवकों की तलाश की। बुधवार की देर शाम लगभग आठ बजे थाना क्षेत्र के गांव बाजीदपुर कवाली में गांव के चौराहे पर दो अज्ञात युवक मुंह पर कपड़ा बांधकर आए। ग्रामीणों ने बताया कि चौराहे पर खड़े होकर ही युवकों ने कई राउंड फायर की। गांव के चौराहे पर फायर होने से गांव में दहशत फैल गई। ग्रामीणों ने फायरिंग होने की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर सीसीटीवी कैमरों की मदद से जांच की। जांच करने पर दो युवक चौराहे पर मुंह बांधकर गोली चलाते हुए दिखाई दिए। कोतवाली प्रभारी लक्ष्मण वर्मा ने बताया कि गांव में फायरिंग की हुई है। सीसीटीवी कैमरो की जांच करने पर पता चला है कि फायरिंग करने वालों में हर्ष पुत्र लाला व सुमित पुत्र प्रमोद निवासीगण बाजीदपुर कवाली फायरिंग करते हुए दिखाई दे रहे हैं। पुलिस टीम दोनों को तलाश कर रही है। जल्दी ही दोनो युवको को तलाश कर उनके खिलाफ कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

रिलेशन ऑफीसर लोन के 78 हजार रुपये लेकर गायब

मुजफ्फरनगर, 08 अगस्त (बु.)। मुथुट फाइनेंस कंपनी का रिलेशन ऑफीसर लोन के रूप में 27 ग्राहकों से वसूले गये 78934 रुपये लेकर गायब हो गया। इस मामले में कंपनी के मैनेजर की तरफ से बुढ़ाना कोतवाली में अमानत में ख्यानत का मुकदमा दर्ज कराया गया है। मुथुट फाइनेंस कंपनी के मैनेजर ओमप्रकाश निवासी धौलपुर राजस्थान ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि बागपत के अमीनगर सराय निवासी शिवम भारद्वाज कंपनी में रिलेशन ऑफीसर के रूप में कार्यरत था। जिसका काम लोन की मासिक किश्तों को वसूलना था। आरोपी ने करीब 27 ऋणदाताओं से 80910 रुपये एकत्र किये थे, जिनमें से कंपनी के बैंक अकाउंट में मात्र 1976 रुपये ही जमा कराये। बकाया 78934 रुपये लेकर वो गायब हो गया। उस दिन से ही आरोपी बुढ़ाना शाखा के ऑफिस पर भी नहीं आ रहा है। बुढ़ाना पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

वार्ड 17 के सदस्य पद पर संयुक्त विपक्षी के प्रत्याशी सतेन्द्र बालियान 2998 वोटों के अंतर से हुए विजयी

दो ग्राम प्रधानों और जिला पंचायत सदस्य का निर्वाचन सम्पन्न होने पर प्रशासन ने ली राहत की सांस

मुजफ्फरनगर, 08 अगस्त (बु.)। जनपद में लोकसभा चुनाव के बाद त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की सरगर्मी गुरूवार को आये चुनाव परिणामों के साथ थम गई है। इस चुनाव में एक जिला पंचायत सदस्य, दो ग्राम प्रधान और बीडीसी तथा ग्राम पंचायत सदस्यों के रिक्त पदों पर उपचुनाव सम्पन्न कराया गया है। गुरूवार को एडीएम वित्त एवं राजस्व गजेन्द्र सिंह के नेतृत्व में मतगणना के उपरांत परिणामों का ऐलान किया गया। जिला पंचायत सदस्य पद के लिए वार्ड 17 में हुए उपचुनाव में परिणाम में पूर्व प्रधान सतेन्द्र बालियान ने जिला पंचायत सदस्य पद पर जीत दर्ज की। सतेन्द्र ने 2998 मतों के बड़े अंतर से अपने प्रतिद्वंद्वी को पराजित किया। वहीं गंगधाडी में सरला देवी और तुलसीपुर में शिवम ग्राम प्रधान निर्वाचित घोषित किये गये।

बता दें कि जिला पंचायत के वार्ड 17 से सदस्य निर्वाचिन इरशाद को दुष्कर्म के मामले में सजा होने के बाद यह सीट रिक्त घोषित की गई थी। इसके साथ ही खतौली विकास खंड क्षेत्र के गांव गंगधाडी और तुलसीपुर में ग्राम प्रधानों के पदों पर मंगलवार को उपचुनाव के लिए वोटिंग कराई गई थी। वार्ड 17 के उपचुनाव में बरवाला, सांझक, हरसौली, तावली निरमाना-निरमानी और रोत्तमपुर माजरा के मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मतदान की रफ्तार धीमी रही। यहां सिर्फ 45.37 प्रतिशत मतदान हुआ था। इसके अलावा खतौली ब्लॉक के गांव तुलसीपुर के प्रधानी के चुनाव में कुल 994 मतदाताओं में 791 ने अपने मत का प्रयोग किया। जिसमें 408 पुरुषों और 383 महिलाओं ने अपने वोट डाले थे। गांव गंगधाडी में कुल 2960 मतदाताओं में से 1918 ने अपने मत का प्रयोग किया था। मतदान के बाद प्रधान पद की मतपेटियां खतौली ब्लॉक और जिला पंचायत चुनाव की मतपेटियां बघरा के इंटर कॉलेज में बनाए गए स्ट्रांग रूम में रखवा दी गई हैं।

अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व गजेन्द्र कुमार की देखेरख में जिला पंचायत और ग्राम प्रधानी के चुनाव की मतगणना गुरूवार को सम्पन्न हुई। इसमें जिला पंचायत के वार्ड 17 के सदस्य पद के उपचुनाव में संयुक्त विपक्ष की ओर से सपा कांग्रेस गठबंधन के उम्मीदवार सतेन्द्र बालियान ने 2998 वोटों के बड़े अंतर से की जीत हासिल की। पांच राउंड तक मतगणना का दौर चला और इसमें सतेन्द्र बालियान को कुल 7955 वोट प्राप्त हुई, जबकि उनके निकटतम प्रतिद्वंद्वी गफूर चौधरी को 4957 वोट मिले। बुद्धप्रकाश शर्मा 2996 वोट लेकर तीसरे स्थान पर रहे। इस चुनाव में सतेन्द्र बालियान ने गफूर को 2998 वोटों के अंतर से पराजित कर जिला पंचायत में अपनी सीट पक्की कर ली।

दूसरी ओर खतौली बलॉक क्षेत्र के ग्राम गंगधाडी और तुलसीपुर के चुनाव परिणाम भी दोपहर तक घोषित कर दिये गये। ग्राम पंचायत गंगधाड़ी और तुलसीपुर के रिक्त प्रधान पद के उपचुनाव की मतगणना खतौली ब्लॉक कार्यालय पर सम्पन्न कराई गई। एसडीएम खतौली अपूर्वा यादव ने बताया कि ग्राम पंचायत गंगधाड़ी में प्रधान पद के उपचुनाव में सरला देवी 728 मतों के अंतर से विजयी हुई। उन्होंने अपने प्रतिद्वंद्वी सतीश को पराजित किया। उधर, ग्राम पंचायत तुलसीपुर में प्रधान पद के लिए कांटे का मुकाबला हुआ। इसमें प्रत्याशी शिवम 86 वोटों के अंतर से चुनाव जीत गये। उन्होंने अपने प्रतिद्वंद्वी अरविंद को पराजित कर प्रधानी जीती। इस चुनाव में इन दोनों ही प्रत्याशियों को सहानुभूति की लहर का लाभ भी मिला। दोनों ग्राम पंचायत में प्रधान पंकज चौहान व प्रधान सोबीर सिंह के निधन के बाद उपुचनाव हुए। गुरूवार को आये परिणामों में गंगधाडी गांव के प्रधान पद पर विजयी प्रत्याशी सरला मृतक प्रधान पंकज की माता और तुलसीपुर के प्रधान बने शिवम मृतक पूर्व प्रधान सोबीर के पुत्र हैं। इस तरह से मतदाताओं ने इस उपचुनाव में दिवंगत प्रधानों के घर में ही प्रधानी को कायम रखा है।

थानाभवन में मिड डे मील बनाते वक्त प्रेशर कुकर फटने से तीन भोजन माताएं झुलसीं

शामली, 8 अगस्त (बु.)। जिले के थाना भवन कस्बे की प्राइमरी पाठशाला नम्बर एक में गुरुवार को मिड डे मील बनाते समय प्रेशर कुकर फटने से तीन भोजन माता झुलस गईं। तीनों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार नगर की प्राइमरी पाठशाला नम्बर एक में भोजन माता सोमती देवी, मुनेष देवी व कविता रानी बच्चों के लिए भोजन बना रही थीं। अचानक गैस पर रखा दाल से भरा कुकर फट गया और गर्म दाल माताओं के ऊपर जा गिरी, जिससे तीनों झुलस गई। तेज आवाज के कारण विद्यालय मे खलबली मच गई। झुलसी महिलाओं को उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया। विद्यालय की प्रधानाचार्य नीरज चौधरी अवकाश पर थीं। कार्यवाहक प्रधानाचार्य रजनी पुण्डीर ने कहा बड़ा हादसा होने से बच गया। भगवान का आशीर्वाद रहा। बच्चे भी विद्यालय मे थे। बड़ा हादसा भी हो सकता था। सूचना पर पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम भी मौके पर पहुंच गई थी।

अनियंत्रित होकर ट्रैक्टर ट्रॉली नहर के नाले में गिरी, दो घायल

कुतुबपुर नहर के बराबर में बने सूखे नाले में गिरी ट्रैक्टर ट्रॉली



मीरापुर, 08 अगस्त (बु.)। सामने से आ रहे वाहन को बचाने के प्रयास में एक ट्रैक्टर ट्राली कुतुबपुर गंग नहर के समीप बने गहरे नाले में जा गिरी, जिससे ट्रैक्टर ट्राली सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर लोगों का हुजूम जुट गया। सूचना पर पहुँची पुलिस ने लोगों की मदद से दोनों घायलों को बाहर निकालकर सीएचसी जानसठ में भर्ती कराया। गुरूवार की शाम गांव चुड़ियाला निवासी विकास उर्फ नीटू पुत्र सूरजमल अपने साथी रोहित पुत्र बिरजू के साथ अपनी ट्रैक्टर ट्राली से मवाना में पशुओं का चारा बेचने गए थे। दोपहर के समय घर वापस लौटते समय जैसे ही इनकी ट्रैक्टर ट्राली कुतुबपुर गंग नहर के समीप पहुँची तभी सामने से आ रहे एक वाहन को बचाने के प्रयास में ट्रैक्टर ट्राली अनियंत्रित होकर गंग नहर के बराबर में बने गहरे नाले में जा गिरी तथा ट्रैक्टर ट्राली पर सवार दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। ट्रैक्टर ट्रॉली गहरे नाले में गिरते ही आसपास से सैकड़ों लोग मौके पर जमा हो गए तथा सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुँच गयी। पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद लोगों की मदद से दोनों गंभीर घायलों को नाले से बाहर निकलवाया और उपचार के लिए सीएचसी जानसठ में भर्ती कराया, जहाँ से चिकित्सकों ने गंभीर हालत के उन्हें मुजफ्फरनगर के लिए रैफर कर दिया। पुलिस क्रेन की मदद से ट्रैक्टर ट्रॉली को निकलवाने में जुटी थी।

भाभी को भेज रहा था अश्लील मैसेज, ननद को ले भागा युवक

पिता ने लगाया होटल में बुलाकर शारीरिक सम्बंध की वीडियो बनाने का आरोप, आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज

मुजफ्फरनगर, 08 अगस्त (बु.)। नई मंडी क्षेत्र में भाभी को फंसाने में विफल रहा युवक उसकी ननद को लेकर फरार हो गया। यही नहीं ननद की अश्लील वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी आरोपी दे रहा है। मंडी पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

नई मंडी क्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़ित पिता ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि फरदीन नाम का एक लड़का काफी दिनों से खुद को द